वर्ष : 16 अंक : 184 मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928




दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
गुरूवार 24 अक्टूबर 2024

# महाराष्ट्र के सियासी 'रण' में कौन कितने पानी में



## सीट बंटवारे पर कहां फंसा पेच

### ›› महाराष्ट्र चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा तय!

वहीं, दूसरी तरफ महायुति में सीटों को बंटवारे को लेकर ज्यादा खटपट नही दिख रही है. यहां चुनाव में भी मुख्यमंत्री का चेहरा भले ही वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ही हैं. लेकिन ज्यादा सीटें बीजेपी के हिस्से में ही हैं. बीजेपी-150 के करीब तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना-78, अजित पवार की एनसीपी 52-54 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

### ›› महाराष्ट्र में बदल रहे हैं समीकरण!

लोकसभा की तरह इस बार भी मराठा बीजेपी से नाराज दिख रहे हैं. लेकिन दलित वोटरों का झुकाव इस बार किधर होगा ये अभी साफ नहीं है. लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और आरक्षण खतरे में होने का नारा अब पहले से कमजोर हो चला है. वैसे 1995 के चुनाव के पहले तक दलित और आदिवसी मतदाता कांग्रेस के साथ ही रहते थे. लेकिन बीजेपी-शिवसेना युति की पहली सरकार के बाद समीकरण बदलना शुरू हो गया था।

नूना न्यूज एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महायुति और महाविकास आघाडी चुनाव तैयारी में जुट चुकी हैं. सीट शेयरिंग के मामले में महायुति की तुलना में महाविकास आघाडी में ज्यादा टकराव देखा जा रहा है. खासकर कांग्रेस और शिवसेना UBT में. महा विकास आघाडी के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारा समझौते को अंतिम रूप देने में देरी से छोटे घटक दलों के बीच सहमति नहीं बन रही है। जैसे छोटे घटक दल चुनाव लड़ सकते हैं. ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के नतीजें के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस की पकड़ फिर से मजबूत हुई है और ज्यादा सीट का मतलब मुख्यमंत्री का चेहरा भी कांग्रेस का हो सकता है. संकेत तो यही मिल रहे हैं। रामदास आठवले, प्रकश अम्बेडकर , रासु गवई जैसे नेता उभरे और दलित वोट बिखरना शुरू हो गया. जिसका फायदा बीजेपी को मिलना शुरू हो गया. हालांकि, उसके बाद से कांग्रेस ने बहुत कोशिश की है. एक बड़ा दलित चेहरा उभारने की. लेकिन वो सफल नहीं हो पाई है।

### संविधान और आरक्षण का मुद्दा कितना हावी?

जानकारों की मानें तो लोकसभा में विपक्षी दलों ने बीजेपी के खिलाफ 'संविधान और आरक्षण विरोधी' होने की धारणा स्थापित की, जिसके कारण बीजेपी को पूरे देश में एससी और एसटी सीटों पर भारी नुकसान उठाना पड़ा. लेकिन लेकिन इस बार मराठा उम्मीदवार मराठा और दलित दोनों का वोट काटेंगे, जिसका नुकसान महायुति को कम महाविकास अघाड़ी को ज्यादा हो सकता है।

# बीजेपी का वर्तमान विधायकों पर भरोसा कायम

नूना न्यूज एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीते रविवार को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इसमें पार्टी ने 99 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। इस लिस्ट में पार्टी ने कई विधायकों को फिर से टिकट दिया है। बीजेपी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर कृष्णराव बावनकुले को कामठी से टिकट दिया है। तो वहीं पार्टी ने कृष्ण पंचम खोपड़े को नागपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। यह लिस्ट जारी होने से यह संकेत मिलते हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में सीट बंटवारे का मसला करीब-करीब सुलझ चुका है। नागपुर पूर्व विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक और बीजेपी के उम्मीदवार कृष्ण पंचम खोपड़े का जन्म 6 मार्च 1959 को कमला खोपड़े और पंचम खोपड़े के घर में हुआ था। वे भारत में 13वीं महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य हैं और नागपुर पूर्व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह 12वीं महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। 2014 में खोपड़े नागपुर शहर भाजपा के प्रमुख थे। इसके बाद 2009 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 5 बार के विधायक सतीश चतुर्वेदी को हराकर बड़ा उलटफेर किया। खोपड़े नागपुर नगर निगम में पार्षद और स्थायी समिति के अध्यक्ष थे। भाजपा नेता खोपड़े हाई स्कूल ड्रॉपआउट हैं। विधायक खेपड़े का राजनीतिक जीवन नब्बे के दशक की शुरूआत में शुरू हुआ, जब वे नागपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजपा की युवा शाखा) के अध्यक्ष बने । 33 वर्ष की आयु में खोपड़े नागपुर नगर निगम के नगर पार्षद बने और 1992 से 2014 तक लगातार 5 कार्यकालों तक पार्षद रहे। वे नागपुर नगर निगम भारत में उप महापौर चुने गए, जब उन्होंने 1995-1996 में 36 वर्ष की आयु में नागपुर नगर निगम के उप महापौर के रूप में भी कार्य किया है। भाजपा में शामिल होने से पहले वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय सदस्य थे। कृष्णा खोपड़े ने 1991 में संध्या से विवाह किया। उनके दो बेटे हैं जिनका नाम अभिलाष और रोहित है। 1992 में 33 वर्ष की आयु में वे सतनामी नगर वार्ड से पार्षद चुने गए। तीन साल बाद खोपड़े नागपुर नगर निगम के उप महापौर बने। 2008 में वे नागपुर नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष चुने गए। 2009 में वे पहली बार महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए।



## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 20 अक्टूबर रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

### राकांपा चुनाव चिह्न पर जल्द सुनवाई की मांग

**नई दिल्ली।** एनसीपी चुनाव चिह्न विवाद मामला मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय में मेंशन किया गया। आज शरद पवार गुट की ओर से पेश वकील ने जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष जल्द सुनवाई की मांग की। शरद पवार गुट की ओर से कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 25 सितंबर तक इस मामले पर जवाब दाखिल करने का आदेश जारी किया था, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया।

### हिंद केसरी अभिजीत के घर आयकर का छापा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मशहूर



पहलवान हिंद केसरी अभिजीत कटके पुणे जिले में स्थित वाघोली इलाके में स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम सोमवार को सुबह से छापेमारी कर रही है। आयकर विभाग ने छापेमारी का अधिकृत ब्योरा नहीं दिया है, लेकिन इस छापेमारी से पुणे में खलबली मच गई है।

### राष्ट्रमंडल खेल से नौ खेल बाहर

**एडिनबरा।** 2026 में ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल से बैडमिंटन, शूटिंग, क्रिकेट, हॉकी, स्क्वॉश, टेबल टेनिस, कुश्ती, ट्रायथलन और तीरंदाजी को बाहर कर दिया गया है। ग्लासगो कॉमनवेल्थ में केवल 10 इवेंट ही होंगे। इसमें एथलेटिक्स, स्वीमिंग, आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स, ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, बाउल्स और बास्केटबॉल शामिल हैं।

### बेअदबी मामलों में राम रहीम पर दर्ज होगा केस

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने गुरु ग्रंथ



साहिब की बेअदबी की घटनाओं में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के विरूद्ध केस चलाने को मंजूरी दे दी है। राम रहीम के विरूद्ध बेअदबी से जुड़े तीन मामलों में केस चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत जून, 2015 में फरीदकोट के बुर्ज जवाहर सिंह वाला में गुरुद्वारे से गुरु ग्रंथ साहिब की एक प्रति की चोरी से हुई थी।

## छत्तीसगढ़ के पुलिस विभाग में फेरबदल, एएसपी रैंक के 11 अधिकारियों का तबादला

..., रायपुर

छत्तीसगढ़ में गृह (पुलिस) विभाग ने 11 एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला किया है। अवर सचिव डीएस ध्रुव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विभिन्न जिलों और इकाइयों में तैनात इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस तबादले से राज्य के पुलिस बल में प्रशासनिक बदलाव की प्रक्रिया की जा रही है।

रायपुर ट्रैफिक एएसपी ओम प्रकाश शर्मा को पुलिस मुख्यालय में अटैच किया गया है। वहीं, बिलासपुर में पदस्थ एएसपी नीरज चंद्राकर का तबादला स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) पुलिस मुख्यालय रायपुर में कर दिया गया है। इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के साथ कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए तैनात किया गया है।

### रायपुर क्राइम ब्रांच में एएसआइ, हेड कांस्टेबल समेत 24 हटाए गए

रायपुर क्राइम ब्रांच (अब एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट) में वर्षों से जमे एएसआई, कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल समेत 24 कर्मचारियों का तबादला रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने किया है। जारी आदेश में प्रशासनिक आधार पर रेंज स्थापना बोर्ड के निर्णय पर ये तबादला किया गया है। आदेश में क्राइम यूनिट में वर्षों से पदस्थ एएसआई किशोर सेठ, मोहम्मद जमील और मोहम्मद कय्यूम को बलौदाबाजार, संतोष सिंह को धमतरी, मो.इरफान को गरियाबंद भेजा गया है वहीं हेड कांस्टेबल सरफराज चिश्ती को महासमुंद, अभिषेक सिंह को धमतरी, मोहम्मद सुल्तान को गरियाबंद, कांस्टेबल रवि तिवारी, राहुल शर्मा और मो.राजिक को बलौदाबाजार, आलम मिर्जा को गरियाबंद, सरीम खान, कुलदीप मिंज को धमतरी, अमित यादव को बलौदाबाजार, मुकेश सिंह राजपूत को महासमुंद, कृष्णा ठाकुर को बलौदाबाजार तबादला किया गया है।

### तबादले से प्रभावित अधिकारी

1. विमल कुमार बैस– नया पद : सेनानी, 11वीं वाहिनी छसबल, जांजगीर
2. हरीश राठौर– नया पद : सेनानी, वीआईपी सुरक्षा वाहिनी, माना, रायपुर
3. प्रशांत कतलम– नया पद : सेनानी, 10वीं वाहिनी छसबल, सूरजपुर
4. नेहा पांडेय– नया पद : 8वीं वाहिनी छसबल, राजनांदगांव
5. नीरज चंद्राकर– नया पद : पुलिस अधीक्षक, राज्य इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए), पुलिस मुख्यालय, रायपुर
6. मनीष रावटे – नया पद : सेनानी, 20वीं वाहिनी छसबल, परसदा, महासमुंद
7. ओम प्रकाश शर्मा– नया पद : पुलिस अधीक्षक, विशेष आसूचना शाखा, पुलिस मुख्यालय, रायपुर
8. गायत्री सिंह– नया पद : सेनानी, 7वीं वाहिनी छसबल, भिलाई
9. कमलेश्वर प्रसाद चंदेल– नया पद : सेनानी, 17 वीं वाहिनी छसबल, कवर्धा
10. निवेदिता पाल– नया पद : सेनानी, 6वीं वाहिनी छसबल, रायगढ़
11. सुजीत कुमार– नया पद : पुलिस मुख्यालय, रायपुर

## कांग्रेस ने आकाश शर्मा को बनाया रायपुर दक्षिण से उम्मीदवार

**रायपुर।** कांग्रेस ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने आकाश शर्मा को इस सीट से टिकट दिया है। कांग्रेस के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार यहां से सिर्फ एक ही नाम का पैनल एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) को भेजा गया था। जिसमें सिर्फ आकाश शर्मा का ही नाम था। आलाकमान ने आकाश शर्मा के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी है। इस सीट पर कांग्रेस के आकाश शर्मा का मुकाबला रायपुर के पूर्व सांसद और भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी से है।



इधर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रायपुर दक्षिण उप चुनाव को लेकर भाजपा डरी हुई है। यही कारण है कि अपने वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस उपचुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है।

### कजान में रूस–यूक्रेन युद्ध पर बोले प्रधानमंत्री

## हर समस्या का हल शांति से ही संभव, भारत हर संभव सहयोग करेगा: मोदी

एजेंसी, कजान

कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रूस के साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध हैं। हमारी गहरी मित्रता है। हमारे संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर हमारा संपर्क बना हुआ है। हर समस्या का हल शांति से ही हो सकता है। भारत अपने रुख पर कायम है और शांति को लेकर हर संभव सहयोग करेगा। भारत मानवता को प्राथमिकता देने के लिए तैयार है। हम शांति और स्थिरता की बहाली का समर्थन करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं रूस की मित्रता, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। पिछले 3 महीनों में मेरा दो बार रूस आना हमारे करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में ब्रिक्स की सफलता के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। मैं ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।




कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से गले मिलते हुए।

### पुतिन ने निमंत्रण स्वीकारने के लिए मोदी का माना आभार

इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मुझे याद है कि जुलाई में हमारी मुलाकात हुई थी और कई मुद्दों पर हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हम कई बार टेलीफोन पर भी बात कर चुके हैं। कजान आने का निमंत्रण स्वीकार करने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। आज हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे और उसके बाद रात्रिभोज करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अन्य नेताओं के साथ मिलकर हमें कुछ बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लेने चाहिए। अंतर सरकारी आयोग की अगली बैठक 12 दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाली है। हमारी परियोजनाएं लगातार विकसित हो रही हैं। आपने कजान में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। हम इसका स्वागत करते हैं। भारत की नीतियों से हमारे सहयोग को फायदा होगा।

## विजया रहाटकर ने संभाला राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष का कार्यभार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। रहाटकर ने सरिता विहार स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने इस अहम जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।



उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आयोग के अच्छे काम को आगे लेकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की बढ़ती संख्या सभी के लिए चिंता का विषय है। इससे सख्ती से निपटा जाएगा।

## बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन की निवास अनुमति बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन को दिए गए निवास परमिट को बढ़ा दिया है। इसके लिए लेखिका ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया है। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों की धमकियों के कारण तस्लीमा नसरीन पिछले दो दशकों से भारत में रह रही हैं। नसरीन ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से अमित शाह से भारत में अपने निवास परमिट के विस्तार का अनुरोध किया था। तस्लीमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हाथ जोड़े इमोजी का प्रयोग किया है।



## वक्फ विधेयक पर जेपीसी में हंगामा, तृणमूल के कल्याण बनर्जी निलंबित

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी को अमर्यादित आचरण के लिए वक्फ विधेयक संबंधी संसदीय समिति से एक दिन के लिए निलंबित किया गया है। दरअसल, वक्फ बोर्ड की बैठक में भाजपा और तृणमूल के सांसदों के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा कि इस झड़प में तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी चोटिल हो गए। दरअसल, वक्फ विधेयक पर संयुक्त समिति की एक बैठक हो रही थी। तभी तृणमूल सदस्य कल्याण बनर्जी की भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय के साथ तीखी बहस हो गई। इस दौरान बनर्जी ने एक कांच की बोतल तोड़कर फेंक दी, जिससे उनके अंगूठे और तर्जनी में चोट लग गई। तृणमूल सांसद को तुरंत प्राथमिक उपचार देना पड़ा। बाद में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आप नेता संजय सिंह उन्हें बैठक कक्ष में वापस ले जाते हुए नजर आए। अधिकारियों ने बनर्जी को सूप भी दिया। इससे पहले भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वकीलों के एक समूह के विचार सुन रही थी।

### भारत–बांग्लादेश के आपसी संबंधों में मजबूती प्रदान करता अगरतला–अखौरा लैंडपोर्ट

## दक्षिण–पूर्व एशिया के साथ भारत के गलियारे का प्रवेश द्वार बनने की है क्षमता

अगरतला से जयप्रकाश मिश्र

भारत-बांग्लादेश अगरतला-अखौरा सीमा। बांग्लादेश में आंतरिक कारणों से राजनीतिक परिस्थितियां उत्पन्न हुईं। हिंसात्मक घटनाएं घटीं, भारत सहित दुनिया के कई देशों में इसकी आलोचनाएं भी हुईं, लेकिन त्रिपुरा की राजधानी अगरतला से नजदीक भारत-बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा बिंदु अगरतला-अखौरा दोनों देशों और आम लोगों के बीच के आपसी संबंधों को मजबूती प्रदान करने की नई कहानी गढ़ रहा है। भले ही दोनों देश के बीच वीजा फिलहाल रोका गया है। मगर, पहले से वीजा प्राप्त आम लोगों के जीवन की रोजमर्रा की जरूरतों एवं बेटी-रोटी के संबंधों से लेकर व्यापारिक गतिविधियों के लिए यह सीमा एवं लैंडपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 11.72 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ भारत



और बांग्लादेश के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ अगरतला-अखौरा सीमा बिंदु पर स्थित है। यह त्रिपुरा राज्य की राजधानी शहर के आसपास के क्षेत्र में स्थित एकमात्र लैंडपोर्ट है। नगर पालिका क्षेत्र के भीतर है। इस लैंडपोर्ट के माध्यम से ड्राई फिश और अर्जुन फ्लॉवर (ग्रास ब्रूम) निर्यात होता है और क्रश्ड स्टोन, कोयला, फ्लोट ग्लास, स्टोन चिप्स, फिश एडिबल ऑयल, घरेलू उपयोग के प्लास्टिक आइटम, टीएमटी बार्स और छोटे कृषि उपयोगी मशीनों का आयात किया जाता है।

| वर्ष | कुल व्यापार (करोड़) | कार्गो आवाजाही | यात्री आवाजाही |
|---|---|---|---|
| 2017–18 | 235.00 | 10,995 | 1,61,117 |
| 2018–19 | 356.00 | 12,073 | 2,39,468 |
| 2019–20 | 579.00 | 13,3713 | 28,153 |
| 2020–21 | 581.36 | 11,146 | 8,499 |
| 2021–22 | 844 | 13,322 | 66,117 |
| 2022–23 | 471.77 | 7,349 | 3,16,448 |
| 2023–24 | 318 | 7273 | 3,36,678 |

### बीएसएफ के पास सुरक्षा का जिम्मा

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 42 बटालियन के कमांडेंट अजय कुमार ने बताया कि बीएसएफ भारत और बांग्लादेश के मध्य लगभग 4096.7 किमी लंबी सीमा की सुरक्षा का दायित्व निभाता है। वर्तमान में लगभग 300 से 500 जवान भारत–बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा अगरतला–अखौरा चेकपोस्ट से अपने विभिन्न कार्यों के लिए आना–जाना करते हैं। सीमा पर बीएसएफ के जवान आने–जाने वाले यात्रियों की मुस्तैदी से जांच–पड़ताल करते हैं।

### कई मंत्रालयों की साझेदारी

अगरतला–अखौरा सीमा पर लैंडपोर्ट के प्रबंधक देबाशीश नंदी बताते हैं कि इस बिंदु में दक्षिण–पूर्व एशिया के साथ भारत के गलियारे का प्रवेश द्वार बनने की क्षमता है। यह भारत–बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पोर्ट के भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण, सीमा शुल्क, आप्रवासन ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल, वनस्पति संगरोध, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, पशु संगरोध और प्रमाणन सेवाएं, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, मानव संगरोध तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मुख्य साझेदारी है।

**विमानतल जैसी सुविधाएं :** यह लैंडपोर्ट किसी अंतर्राष्ट्रीय विमानतल से कम नहीं है। लैंडपोर्ट में यात्री टर्मिनल, कार्गो बिल्डिंग, कोल्डत स्टोरेज, माल गोदाम, कैंटीन, निरीक्षण शेड, वनस्पति संगरोध, विद्युत उपकेन्द्र, लोहे को हटाने का संयंत्र, पार्किंग, शिथिल कार्गो, चालक विश्रामगृह, कर रहित दुकान, सोलर प्लांट, लॉरी वजन पुल, एटीएम, सुरक्षा जांच पिट, निगरानी टॉवर, विदेशी मुद्रा काउंटर, बीएसएफ के लिए आवास जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# योगगुरु स्वामी रामदेव जी उडुपी के 51 वें एआईओसी सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे -कुलपति प्रो वरखेड़ी

**दिल्ली, अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएससी प्रकोष्ठ व पीआरओ, सीएसयू।**

**दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा है कि 51वां अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन ( एआईओसी) का कल से उडुपी में आरंभ होने जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि योगगुरु स्वामी रामदेव जी होंगे । प्रो वरखेड़ी ने आगे यह भी कहा कि भारत का बौद्धिक एवं ऐतिहासिक स्थल उडुपी में संस्कृत जगत के विभिन्न आध्यात्मिक एवं धार्मिक क्षेत्रों के भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत विषयों की विभिन्न शाखाओं के विद्वत समाज के साथ साथ देश के विविध प्रान्तों से छात्र छात्राएं भी पधार रहें हैं जो अपने शोध पत्रों के वाचन के साथ संस्कृत शास्त्र विमर्श में भी भाग लेंगे। उन्होंने यह भी बताया है कि पंतजलि विश्वविद्यालय , हरिद्वार के कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी के साथ-साथ सरल और संभाषण संस्कृत के पुरोधा , शिक्षाविद् एवं भारतीय भाषा परिषद, भारत सरकार के अध्यक्ष पद्मश्री चमू कृष्ण शास्त्री जी की सारस्वती अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहने की स्वीकृति मिली है । सीएसयू



, प्रकाशन विभाग के निदेशक प्रो काशीनाथ न्यौपाने ने सूचित किया है कि उडुपी में होने वाले इस बौद्धिक समागम के आयोजन में सीएसयू का प्रकाशन विभाग का लगभग 45 से अधिक विविध संस्कृत विषयों से जुड़ी पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। सीएसयू के प्रकाशन विभाग की पुस्तकों के श्रृंखला संपादक और इसी विभाग के संयुक्त निदेशक प्रो सुज्ञान कुमार महोन्ती और प्रो गणेश ति. पंडित( दोनों ) ने सूचित किया है कि कुलपति जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में सरल मानक संस्कृत (एसएसएस) को लोक तक पहुंचाने तथा और बढ़ावा देने के लिए इससे संबंधित अनेक पुस्तकों का भी विमोचन होगा। ध्यातव्य है कि कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी द्वारा लिखित संस्कृत भाषा में लिखित एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्वतन्त्र समीक्षा ग्रन्थ 'शास्त्रपद्धतिः का भी गण्यमान अतिथियों के कर कमलों द्वारा विमोचन होना सुनिश्चित हुआ है ' जिसका हिंदी भाषा में अनुवाद प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा , सीएसयू ने किया गया है । प्रस्तुत पुस्तक 'शास्त्रपद्धतः' भारतीय विचार और उसके विविध दार्शनिक तथा साहित्यिक पक्षों की बड़ी सूक्ष्मता तथा समन्वित भाव को प्रस्तुत करती है। एसोसिएट प्रो एवं संयुक्त निदेशक ,प्रकाशन और संस्कृतवार्ता के संपादक डॉ. पवन व्यास (प्रो अजय कुमार मिश्रा भी इसके संपादक हैं) संपादन सहायक श्री विनय शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस समारोह में त्रैमासिक पत्रिका 'संस्कृतवार्ता' का भी विमोचन किया जाएगा। कुल सचिव , प्रो. आर.जी. मुरली कृष्ण ने कहा है कि सीएसयू भारतीय विद्वत परिषद, बेंगलुरु और पर्याय श्रीपुत्तिगे मठ, उडुपि के सहयोग से इस भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । इससे भी इस राष्ट्रीय सम्मेलन का महत्त्व स्पष्ट होता है । योजना विभाग ( केंद्रीय) तथा कुलपति के विशेषज्ञ कार्याधिकारी प्रो मधुकेश्वर भट ने भी बताया है कि भारत सरकार की सहायता और मार्गदर्शन के कारण ही सीएसयू कई अभिनव कार्यक्रमों इस सम्मेलन को कार्यान्वित करेगा है। अकादमिक डीन ,प्रो. मदन मोहन झा ने कहा कि इस प्रकार के समारोह संस्कृत के चतुर्दिक प्रचार को बढ़ावा देगा। परीक्षा नियन्त्रण,प्रो. पवन कुमार, डा पी.एम . गुप्ता ,सीएसयू पुस्तकालयाध्यक्ष, छोटी बाई मीना, सहायक निदेशक, प्रकाशन, श्री शशि कान्त ,उप निदेशक ,वित्त , परियोजना अधिकारी , डा जितेन्द्र कुमार तथा श्री अनिल नौडियाल,सहायक निदेशक (दोनों क्रमशः प्रशासन व शैक्षणिक ), श्रीमती पापिया दास , प्रकल्प अधिकारी ,प्रशासन और अन्य अधिकारियों ने भी अपनी खुशी व्यक्त की है। सूचनीय है कि इस 51 एआईओसी के अध्यक्ष, महासचिव और स्थानीय सचिव संस्कृत हैं जो साहित्य के जानी मानी विदुषियां हैं जिनका नाम क्रमशः प्रोफेसर सरोजा भाटे, प्रोफेसर कविता होली और प्रोफेसर शिवानी वी के रुप में लब्धप्रतिष्ठ हैं। ध्यातव्य है कि आज दिल्ली से सीएसयू ,श्रीलाबशारासंवि तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्वान - विदुषियां भाग लेने के लिए उडुपी के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

## रोजगार मेला में 36 प्रार्थियों का सिक्योरिटी पद पर चयन



रोजगार कार्यालय में आयोजित मेले में भाग लेते हुए प्रार्थी।

**नरवाना :** रोजगार कार्यालय द्वारा मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन लघु सचिवालय स्थित कार्यालय के प्रागंण में किया गया। जिसमें 59 प्रार्थियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में क्षेत्रीय प्रशिक्षण अकादमी एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी सरहिंद से भर्ती अधिकारी संतोख सिंह ने प्रार्थियों के मौके पर ही सिक्योरिटी गार्ड के पद हेतु साक्षात्कार लिए और 36 प्रार्थियों को शार्ट लिस्ट करके आगामी कार्यवाही के लिए चयन किया। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग समय-समय पर निजी सेक्टर में प्रार्थियों को समायोजित करवाने के लिए जाब फेयर व प्लेसमेंट ड्राइव करते रहते हैं। इसी कड़ी में रोजगार कार्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक राममेहर, लिपिक ललित प्रसाद, सेवादार रामकेश व कर्मवीर मौजूद रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय के देशबंधु महाविद्यालय हिन्दी विभाग में साहित्य में नरक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएससी प्रकोष्ठ व पीआरओ, सीएसयू।**

**दिल्ली।** देशबंधु महाविद्यालय में इसके हिन्दी विभाग तथा आईक्यूएसी सेल के द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी में वहां के प्राचार्य प्रो राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने उपस्थित विद्वानों का वाचिक स्वागत किया तथा छात्र छात्राओं को भारतीय संस्कारों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान भी किया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर के निदेशक प्रो रमाकान्त पाण्डेय ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में संस्कृत वाङ्मय में वर्णित नरक के प्रसंगों पर प्रकाश डालते पाश्चात्य विद्वान रौथ के उस बात का खंडन किया कि जिसमें उसका मानना है कि वेद में नरक की कोई विशेष चर्चा नहीं है लेकिन सच तो यह है कि वेद के नरक से जुड़े अवधारण का कालान्तर में विकास हुआ। प्रो अजय कुमार मिश्रा, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयोजक , केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली ने आर्ष काव्य वाल्मीकि रामायण पर केन्द्रित अपना व्याख्यान देते कहा कि वाल्मीकि सत युग में तप का ही अधिक माहात्म्य था और समाज में पाप और पुण्य को केन्द्र में रख कर क्रमशः स्वर्ग तथा नरक का निर्णय होता था । यही कारण है वाल्मीकि रामायण में नरका का बहुत कम चर्चा है । यद्यपि अयोध्या काण्ड के बाद जब राम , सीता तथा लक्ष्मण के साथ दण्डारण्यक में प्रवेश करते हैं तो वे भरत के अपार भ्रातृत्व भाव की प्रशंसा करते हुए उन्हें राजा जनक के अयोध्या जाकर पुत यज्ञ जो जिस नरक से पुत्र अपने माता-पिता को बचाता है करने के लिए बार आग्रह करते हैं और गया के पिण्ड दान की भी बात याद दिलाते हैं जो पाप ,पुण्य के भे तथा धर्म की बहुत ही सरल व्याख्या प्रस्तुत करता है । इसमें व्यक्तिगत नहीं , अपितु कुटुम्ब जनों का कल्याण है । प्रो मिश्रा ने रवीन्द्र नाथ टैगोर के हवाले यह भी स्पष्ट किया कि वाल्मीकि के राम मनुष्य के रुप में जन मानस के नजदीक अधिक नजदीक दिखते हैं । इससे उनका माहात्म्य और बढ गया है जिस मनुष्यता के केन्द्र में वही लोक जीवन का पुण्य और पाप है जिसे इसी जीवन में भुगतना पड़ता है । अतः नरक के लोक व्याख्या के लिए वालि वध तथा कंबंध बध और उसके शाप के वाल्मीकि के नैरेशन को समझना होगा । तभी नरक का लोकजन्य विमर्श को समझा जा सकता है । प्रो मिश्रा ने आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी की चर्चित पुस्तक स और संस्कृत साहित्य का समग्र इतिहास के उस प्रसंग को भी उठाया कि रामायण से जुड़े अपने अध्याय में इस काल खंड को सामांती रुझान वाला माना है । इस संदर्भ में इस तथ्य की भी तलाश करने की जरूरत है कि आन्विक्षीकी तथा लोकायतों के साथ सनानतनी के टकराहटों के बीच, वाल्मीकि क्या तत्कालीन समाज तथा संस्कृति की सादगी भरी उत्कृष्टता के आधार पर एक नये समाज आ खाका खीच रहे थे जिसमें नरक को कोई खास़ तरजीह न मिलना लाजमी ही था। प्रो हसनैन अख्तर , अरबी विभागाध्यक्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा कि इस संगोष्ठी में संस्कृत साहित्य में नरक के जिन प्रसंगों को मैंने जितना सुना और समझ सका लगभग वही बातें अरबी में ही है , सिर्फ भाषा का ही अन्तर है ।प्रो अख्तर ने ' रिसालत अल गुफरान ' के नरक से जुड़े फलसफा पर रौशनी डाला और कहा कि एक लेखक कतई नहीं ईर्ष्या या जलन करने वाला नहीं हो सकता है । कवि या लेखक का मन बहुत बड़ा होता है। शीतला प्रसाद शुक्ल , अध्यक्ष, पुराणेतिहास विभाग , श्रीलाबशारासंवि , दिल्ली ने पुराणों में उल्लिखित नरकों का विवरण देते हुए कहा का करोना काल भी अपने आप एक बहुत ही बड़ा नरक का काल था । सरीना जोशी, पूर्व आचार्या , अंग्रेजी विभाग, देशबंधु महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय , दिल्ली ने मिल्टन के पैराडाइज लौस्ट में नरक के अवधारणा पर प्रकाश डालते तत्कालीन समाज में व्याप्त अन्याय का खुल कर विरोध किया और एख रीप्लीकन होने नाते अभिव्यक्त पर रोक करने वालों का घोर विरोध भी किया । मिल्टन ने तानाशाही फरमानों के खिलाफ पम्पलेट भी निकाला । यही था स्वर्ग और नरक का कसमकश। डा प्रवीण कुमार , अंग्रेजी विभाग , सत्यवती









कौलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने डिवाइन कोमेडी में नरक को लेकर बड़ा तात्त्विक प्रकाश डाला । डा सनम खन्ना , अंग्रेजी विभाग, कमला नेहरू महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने भी अंग्रेजी भाषा के आधुनिक साहित्य में नरक की चर्चा पर अपना विमर्श प्रस्तुत किया। प्रख्यात समालोचक तथा देशबंधु महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रभारी प्रो बजरंग बिहारी तिवारी ने संगोष्ठी से जुड़ी अपने प्रस्तावना में कहा कि साहित्य में नरक जैसी चर्चा सर्वथा अनालोचित ही है । लेकिन जीवन को ठीक से साधने के लिए इसका बहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान है । साहित्य समाज का अभिन्न हिस्सा होता है । अतः ऐसे विषयों को प्रकाश में लाना बहुत ही आवश्यक है । प्रो तिवारी ने प्राचार्य प्रो पाण्डेय के प्रति इसलिए भी आभार व्यक्त किया कि इस विषय में संगोष्ठी के आयोजन की स्वीकृति के साथ साथ हार्दिक सहयोग भी दिया । आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के संयोजक डा आदित्य सक्सेना ने शुभकामना संदेश में संगोष्ठी के महत्त्व पर प्रकाश डाला । प्रो बजरंग बिहारी तिवारी,प्रो मनोज कुमार सिंह तथा श्री विभास वर्मा ने सत्रों का बड़ा ही वैदुष्य पूर्ण संचालन किया।

## 20 लाख से बनेगा लितानी रोड अंडरपास पर शैड



अंडरपास पर चल रहा शैड निर्माण का काम।

**उचाना :** अंडरपासों में बारिश का पानी न भरे इसको लेकर रेलवे द्वारा अंडरपासों पर शैड लगाने का काम शुरू किया है। रेलवे द्वारा शैड लगाने की शुरूआत में उचाना को प्राथमिकता दी गई है। बड़ौदा गांव में अंडरपास पर लगे शैड के बाद अब लितानी रोड पर बने यू आकार के अंडरपास पर शैड बनने का काम शुरू है। यहां पर करीब 20 लाख रुपए के करीब की राशि शैड निर्माण सहित अन्य कार्य पर रेलवे खर्च करेगा। वाहन चालकों, राहगीरों की अंडरपास बनने के बाद यहां भरने वाले बारिश के पानी से छुटकारा दिलाने की मांग की जा रही थी। अंडरपास पर शैड बनाने की मांग जो वाहन चालकों, राहगीर कर रहे थे वो पूरी हो गई है। यहां पर रेलवे द्वारा तेजी से शैड निर्माण का कार्य किया जा रहा है ताकि बारिश के मौसम में यहां पर जलभराव न हो।

### शैड बनने से मिलेगा जल भराव से छुटकारा

लितानी रोड पर बने यू आकार के अंडरपास लाइन पार आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए प्रमुख रास्ता है। दोनों तरफ के अनेकों गांव के वाहन चालकों के अलावा कॉलेज, स्कूल, बैंक, बाजार सहित अन्य जगहों पर आने-जाने के लिए राहगीर अंडरपास से होकर ही गुजरते है। दलबीर, बलबीर, सुनील ने कहा कि अंडरपास बनने के बाद ही यहां पर शैड बनाने की मांग की जा रही थी ताकि बारिश के मौसम में यहां पर पानी न भरे। रेलवे द्वारा मांग को पूरा करते हुए शैड निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। शैड बनने के बाद जो जलभराव की समस्या थी वो दूर होगी। जिस तरह से कार्य तेजी से चल रहा है उससे जल्दी शैड का काम पूरा होने की उम्मीद है।

# बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में लाइमलाइट डायमंड्स के एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन किया

**दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े लैब ग्रोन डायमंड ब्रांड, लाइमलाइट डायमंड्स ने भारत की राजधानी दिल्ली में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया। दिल्ली के प्रतिष्ठित राजौरी गार्डन इलाके में इस विशेष लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी की मांग को पूरा करने के लिए यह स्टोर खोला है।नए स्टोर का उद्घाटन प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया, लाइमलाइट डायमंड्स के को-फाउंडर नीरव भट्ट के साथ लाइमलाइट डायमंड्स के डायरेक्टर करम चावला सहित कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां इसमें शामिल हुए। 1500+ स्क्वायर फीट में भव्य रूप से फैला यह स्टोर लाइमलाइट डायमंड्स के लिए एक और माइलस्टोन है, जिससे वे पूरे भारत में अपना विस्तार जारी रख रहे हैं। पिछले दो वर्षों में, ब्रांड ने तेजी से विकास की गति को देखा है। अब तक मुंबई, कोलकाता, दिल्ली,





जयपुर, वाराणसी, हैदराबाद, राजकोट, बैंगलोर, चेन्नई आदि सहित 35 से अधिक शहरों में मौजूदगी के साथ एलजीडी ज्वेलरी के लिए देश में इस ब्रांड ने तेजी से खुद को अल्टीमेट सॉलिटेयर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया है। ब्रांड के एक्सक्लूसिव कलेक्शन को निहारते हुए अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा, "मैं इस स्टोर के लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी के कलेक्शन से काफी आकर्षित हूं। वे भारत में बने हैं और मुझे लगता है कि हर भारतीय महिला इन डायमंड्स को पहनने में गर्व महसूस करेगी।" मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि सोने चांदी तो आप हमेशा खरीदने हो और खरीदने के बाद आपको लगता है कि बहुत पैसा खर्च हो गया अगले बार कुछ नहीं खरीदूंगा लेकिन इस धनतेरस पर आप लाईमलाईट से डायमंड ज्वेलरी खरीद सकते हो जो ज्यादा महंगा नहीं पड़ेगा और आपके बजट में आ जाएगा लाइमलाइट डायमंड्स की फाउंडर और एमडी पूजा शेठ माधवन ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "दिल्ली में लाइमलाइट के पहले आउटलेट में हमारे कलेक्शन और डिजाइन को लेकर ग्राहकों से शानदार रिस्पॉन्स मिलने के बाद हम दिल्ली में अपना दूसरा स्टोर खोलने के लिए बेहद उत्साहित हैं! इस शहर को चमक-दमक हमारे ब्रांड को बड़े अच्छे से कॉम्प्लीमेंट करते हैं। यहां उन सभी लोगों के लिए एक बेहतरीन कलेक्शन है, जो स्मॉल डायमंड ज्वैलरी से सॉलिटेयर ज्वेलरी की ओर जाना पसंद करते हैं। इसके अलावा, हमारे ब्रांड द्वारा दिये जाने वाले बायबैक और एक्सचेंज ऑफर यह सुनिश्चित करते हैं कि ब्रांडेड उत्पाद का मूल्य पूरी तरह से सुरक्षित है, ताकि वे अपनी चमक का आनंद ले सके।

## पीआर धान के 425 लाख पहुंचे किसानों के खाते में

**जींद :** पीआर धान की खरीद हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में हो रही है। सीजन की शुरूआत में खरीद प्रक्रिया जरूर कुछ धीमी लेकिन अब कुछ दिनों से खरीद प्रक्रिया तेज है। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा पीआर धान की खरीद की जा रही है। अब तक 66 हजार क्विंटल के आसपास आवक हो चुकी है। 53 हजार क्विंटल से अधिक की खरीद हो चुकी है। 2320 क्विंटल का उठान भी हो चुका है। किसान गगनदीप, मनीष, अजीत, संदीप ने कहा कि पीआर धान वो मंडी लेकर आए थे। मंडी में आते ही उनकी पीआर धान को खरीदा गया। जिस दिन वो मंडी आए थे उसी दिन अपनी फसल को बेच कर वापस घर चले गए। मंगलवार को जानकारी देते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग इंस्पेक्टर अजय कोथ ने बताया कि अबतक 53 हजार क्विंटल से अधिक पीआर धान की खरीद हो चुकी है। 425 लाख रुपये से अधिक की राशि अब तक किसानों के खाते में जा चुकी है। मंडी में साफ-सूखी पीआर धान मंडी में आते ही खरीदी जा रही है।

## राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार को राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान करेंगी

**दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश भर में जल प्रबंधन और संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान करेंगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर) द्वारा ये पुरस्कार दिए जाते हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ राज्य से लेकर सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज तक की नौ श्रेणियों में प्रयासों को सम्मानित किया जाता है। पुरस्कारों के पांचवें संस्करण में, ओडिशा ने सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में पहला पुरस्कार हासिल किया है, जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। गुजरात और पुडुचेरी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। इन पुरस्कारों में प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और कुछ श्रेणियों में नकद राशि शामिल हैं, जिनमें संयुक्त प्राप्तकताओं सहित कुल 38 विजेताओं को सम्मानित किया जाता है। बयान में कहा गया है कि 2018 में शुरू किए गए राष्ट्रीय जल पुरस्कार का उद्देश्य जल संरक्षण और प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जो सरकार के जल समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# श्री जयराम रमेश, संसद सदस्य, महासचिव (संचार) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा जारी बयान

**23 अक्टूबर, 2024**

**दिल्ली।** मोदी सरकार की इस घोषणा को लेकर कई सवाल बने हुए हैं कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर पेट्रोलिंग की व्यवस्था को लेकर चीन के साथ समझौता हो गया है। विदेश सचिव ने कहा है कि इस समझौते से "सैनिकों की वापसी हो रही है और अंततः 2020 में इन क्षेत्रों में पैदा हुए गतिरोध का समाधान हो रहा है। हम आशा करते हैं कि दशकों में भारत की विदेश नीति को लगे इस झटके का सम्मानजनक ढंग से हल निकाला जा रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि सैनिकों की वापसी से पहले जैसी स्थिति बहाल होगी, जैसी मार्च 2020 में थी। यह दुखद गाथा पूरी तरह से चीन के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नासमझी और भोलेपन का नतीजा है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, मोदी जी की चीन ने तीन बार भव्य मेजबानी की थी। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने चीन की पांच आधिकारिक यात्राएं कीं और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ 18 बैठकें कीं। इसमें उनके 64वें जन्मदिन पर साबरमती के तट पर बेहद दोस्ताने अंदाज में झूला झूलना भी शामिल है।



भारत का पक्ष 19 जून 2020 को तब सबसे ज्यादा कमजोर हुआ जब प्रधानमंत्री ने चीन को बेशर्मी से क्लीन चिट देते हुए कहा, "न कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है"। यह बयान गलवान में हुई झड़प के चार दिन बाद ही दिया गया था, जिसमें हमारे 20 बहादुर सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका यह बयान न सिर्फ. हमारे शहीद सैनिकों का घोर अपमान था बल्कि इसने चीन की आक्रामकता को भी वैध ठहरा दिया। इसके कारण ही छअउ पर गतिरोध के समय समाधान में बाधा उत्पन्न हुई। पूरे संकट पर मोदी सरकार के दृष्टिकोण को DDLJ के रूप में वर्णित किया जा सकता हैः Deny (इंकार करो), Distract(ध्यान भटकाओ), Lie(झूठ बोलो) and Justify (न्यायोचित ठहराओ)। इस बीच, संसद को सीमा की चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करने के लिए बहस और चर्चा करने का कोई अवसर नहीं दिया गया। पिछली सरकारों में इस तरह के गंभीर मुद्दों पर चर्चा और बहस की परंपरा रही है। चीन की घुसपैठ के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण के बारे में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री के बयान से मोदी सरकार के ढुलमुल रुख को रेखांकित किया जा सकता हैः हमें ये समझना होगा कि वे हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इसका मतलब ये है, हमें ऐसे में क्या करना चाहिए? एक छोटी इकॉनमी होते हुए..क्या हम आगे बढ़कर अपने से बड़ी इकॉनमी से लड़ाई कर लें? चीनी आक्रामकता के बीच भारत की "बड़ी अर्थव्यवस्था" पर आर्थिक निर्भरता बढ़ गई है। भारत में चीनी निर्यात 2018-19 के 70 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2023-24 में रिकॉर्ड 101 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि चीन को भारतीय निर्यात 16 बिलियन डॉलर पर स्थिर रहा। चीन इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और कपड़ा जैसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों में शीर्ष आपूर्तिकर्ता है। भारत के MSMEs ताबड़तोड़ सस्ते चीनी आयात से पीड़ित हैं। अब जब चीन के साथ यह समझौता हुआ है तब, सरकार को भारत के लोगों को विश्वास में लेना चाहिए और निम्न महत्वपूर्ण सवालों

## नशा जीवन के लिए अभिशाप, जगाओ आत्मा नशे का करो खात्मा : विजेंद्र ईटल कलां



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के साथ मौजूद विद्यार्थी।

**जींद :** शनिवार को मैं और मेरा भारत के मार्गदर्शन में एक दिवसीय नशे के प्रति जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें काफी संख्या में युवाओं ने भाग लिए। नशे को जागरूकता से ही खत्म किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजेंद्र मुदगिल रहे। विजेंद्र ईटल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर इंसान के जीवन में दो चीजें बड़ी महत्वपूर्ण हैं। अभाव और प्रभाव ये दो चीजें किसी भी इंसान के जीवन को बदलने में इनका बड़ा योगदान रहता है। इनके माध्यम से दृढ़ निश्चय लेकर नशे का जड़ से खत्म किया जा सकता है। विजेंद्र ने युवाओं को सामाजिक उदहारण देकर नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता शिक्षाविद् आशुतोष शर्मा ने की। आशुतोष शर्मा ने युवाओं को बताया कि नशा बेहद खतरनाक चीज है। आशुतोष शर्मा का मानना है कि अभिभावकों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। योग अपनाकर भी आप नशे से बच सकते हैं। सुबह शाम दोनों समय आप कम से कम 30 मिनट योग करें और अपने जीवन को नशे से दूर रखें।

# अखिल भारतीय खेल कूद प्रतियोगिता में आदर्श स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 5 गोल्ड

नरवाना, अक्तूबर : विद्या भारती द्वारा 35वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आदर्श बाल मंदिर के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। कार्यवाहक प्राचार्य जोगेंद्र सिंह ने बताया कि खिलाड़ी पृथ्वी ने आर्चरी रिकर्व (निशानेबाजी) प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए और अंकों के आधार पर एसजीअफआई में पहुंचा तथा खेलो इंडिया में उसका चयन हुआ। इसके अतिरिक्त सत्यदेव स्केटिंग में द्वितीय स्थान पर और अंकों के आधार पर



आदर्श स्कूल के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रबंधक समिति व स्टाफ।

एसजीअफआई में पहुंचा। आदित्य ने अंडर-17 (आर्चरी इंडियन) में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। यथार्थ और सुमित ने अंडर-17 बाक्सिंग में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। इसके अतिरिक्त उत्तर क्षेत्र की प्रतियोगिता के कथा-कथन में शीतल ने द्वितीय व कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि एसजीअफआई में स्कूल के चार खिलाड़ियों का चयन होना विशेष उपलब्धि है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृष्ण, संरक्षक भारत भूषण, प्रबंधक दिनेश, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर ने प्राचार्य, प्रशिक्षक मदन, दीपक को बधाई देते हुए इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## छोटूराम आर्य महाविद्यालय में हिन्दी विभाग ने करवाई निबंध प्रतियोगिता



विजेता छात्र व छात्राएं।

सोनीपत , ! अक्टूबर : छोटूराम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत में हिन्दी विभाग की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिसमें प्रतिभागियों ने नई शिक्षा नीति-2020 विषय के सन्दर्भ में होने वाले परिवर्तनों व बदलाव के बारे में लिखकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। इसमें प्रथम पुरस्कार - शिवांगी (स्नातकोत्तर),
द्वितीय पुरस्कार - शिप्रा (स्नातकोत्तर) व तृतीय पुरस्कार - नीरज (स्नातक) ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों के लिए शुभकामना संदेश भेजा। इस प्रतियोगिता के अवसर पर हिन्दी विभाग की सभी प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं ।

# भीड़भाड़ वाले स्थानों/चौराहों/मार्ग पर किया पैदल गश्त



**लखनऊ।** अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी पंकज सिंह द्वारा आगामी त्यौहार धनतरेस, दीपावली के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण, कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक पीजीआई ब्रजेश तिवारी एवं मय पुलिस बल के साथ थाना पीजीआई क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों/चौराहों/मार्ग पर किया पैदल गश्त।

# एस डी एम कार्यालय पर गरजी भाकियू शंकर, विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार हसनपुर को सौंपा, जिसमें किसान समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि हसनपुर में सरकारी धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान नहीं खरीदा जा रहा है, जिस कारण खुले आढ़त पर किसान धान बेचने को मजबूर हो रहा है ओर इस से उसे काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है, प्रशासन द्वारा किसानों की धान खरीदी जल्द से जल्द सुनिश्चित कराई जाए। विधुत विभाग में भ्ष्टाचार अपने चरम पर है, ये विभाग तरह तरह से जनता से अवैध उगाही में लगा हुआ है जिस पर तत्काल ही लगाम लगाई जाए। जिले के सभी धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान खरीदारी सुनिश्चित की जाए, साथ ही विधुत कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे भृष्टाचार पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। चीनी मिल का विस्तारीकरण करते हुए वर्तमान पेराई सत्र के लिएं गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाना चाहिए। जिसमें मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए 9 नवंबर तक सभी समस्याओं के समाधान के बाद कहीं । निर्णायक कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि संगठन कल यानी बृहस्पतिवार को शाम नौचंदी एक्सप्रेस से मेरठ हापुड़ अमरोहा मुरादाबाद बरेली से पदाधिकारी गण गन्ने की समस्याओं के निस्तारण करने हेतु गन्ना आयुक्त व प्रमुख सचिव गन्ना संस्थान डाली बाग लखनऊ को कूच करेंगे इस दौरान पंचायत में चौधरी धर्मवीर सिंह, हरि सिंह प्रधान, प्रधान निजाम,हरपाल सिंह शेर सिंह राणा,राकेश चौहान, कैप्टन वीर सिंह चौहान, चेतराम सिंह, राजीव कुमार, भजनलाल सैनी,उवैश चौधरी, मोहसिन, चौधरी ओमवीर सिंह, जगत सिंह आदि सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# 27 अक्टूबर को गुर्जर महासम्मेलन में समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं को किया जाएगा सम्मानित

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को गुर्जर समाज के लोगों ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती समारोह पर 27 अक्टूबर 2024 को हसनपुर के सुखदेवी इंटर कॉलेज ग्राउंड में हो रहे गुर्जर महासम्मेलन को लेकर गांव गांव जाकर जनसंपर्क किया एवं महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए बड़ों का आशीर्वाद लिया इस दौरान ग्राम ईसापुर शार्की, गंगाकोला ,माटीपुरा, फूलपुर, हैदलपुर ,शाहबाजपुर , मेहरपुर गुर्जर ,सिरसा गुर्जर, तरौली व दर्जनों गांव में जनसंपर्क किया तथा समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं युवा साथियों से महासम्मेलन को सफल बनाने का अनुरोध किया तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में महासम्मेलन में पहुंचने की अपील की । इस अवसर पर ओविंद्र पोसवाल ने कहा कि हम समाज के लिए हमेशा तैयार हैं, हमें लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की तरह जैसे पटेल साहब ने खंड-खंड से अखंड भारत बनाया इस प्रकार हमारे समाज को भी एकजुट होना जरूरी है, तभी समाज एवं युवा वर्ग सही दिशा में चलेगा तो समाज आगे बढ़ेगा तथा पोसवाल जी ने 27 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम के बारे में लोगों को समझाया, इस मौके पर विवेक कटारिया ने बताया कि समाज जिस भी भाई बहन के 10 वी और 12 वी में 80% या उससे अधिक अंक है एवं जो भी युवक, युवती 2024 में सरकारी नौकरी पर चयनित हुआ है उसे महासम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा, उसके लिए समाज के बच्चों को अपनी मार्कशीट या जॉइनिंग लेटर व्हाट्सएप करना होगा ताकि सम्मानित होकर नव युवक युवती प्रेरणा लेकर समाज का नाम रोशन कर सके, इस अवसर पर ओविंद्र पोसवाल ,विवेक कटारिया, रोहित नागर ,विकास गुर्जर, रविंद्र चावला , डॉक्टर सचिन कसाना आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक हरपाल सिंह की हुई घर वापसी, प्रदेश अध्यक्ष ने कराई भाजपा ज्वाइन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**गजरौला।** बुधबार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने भाजपा के पूर्व विधायक एवं अमरोहा जनपद के गजरौला नगर पालिका की पालिका अध्यक्ष पति हरपाल सिंह को लखनऊ में अपने आवास पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई, बता ते चले कि पूर्व विधायक हरपाल सिंह की घर वापसी से अमरोह की राजनीति में हल चल मच गई है, हरपाल सिंह पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे, बताते चलें कि 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले हरपाल सिंह ने राष्ट्रीय लोक दल का दामन थाम लिया था, लेकिन कुछ दिन बाद ही बसपा ज्वाइन की थी बसपा ज्वाइन करने के बाद हरपाल सिंह को बसपा के चुनाव चिन्ह पर विधानसभा का चुनाव लड़ने का मौका मिला था लेकिन भाजपा के प्रत्याशी राजीव तरारा के सामने उनकी हर हो गई, बता दे कीहरपाल गजरौला पालिका के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वर्तमान में उनकी पत्नी राजेंद्र जी उर्फ उमा देवी गजरौला नगर पालिका की अध्यक्ष है जो बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ के जीती थी, बुधवार को पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष एवं बसपा नेता हरपाल सिंह ने लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में भाजपा जॉइन कर ली, हरपाल सिंह की घर वापसी के बाद अमरोहा की राजनीति में हलचल तेज हो गई है, इस मौके पर उनके साथ धनोरा पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, राजीव शुक्ला एवं अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के लिए ई-ऑक्शन की नई स्कीम लायी योगी सरकार

**लखनऊ, 23 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर रही योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा के समेकित विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रेटर नोएडा के केपी-05, एमयू, सेक्टर 10, ईटीए-02, केपी-01 तथा टेकजोन-4 में इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के लिए ई-ऑक्शन की नई स्कीम लेकर आई है। इन 13 इंस्टीट्यूशनल प्लॉट्स के आवंटन के लिए आवेदनकर्ता करोड़ों की बोली लगा सकेंगे और 24 अक्टूबर से इस योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। इस स्कीम के जरिए हायर सेकेंडरी, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, पैरामेडिकल व ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, वोकेशनल ट्रेनिंग तथा एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की स्थापना हो सकेगी। इस स्कीम के जरिए कुल 170 करोड़ रुपए के रिजर्व प्राइस वाले प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके साथ ही, 43 कमर्शियल शॉप्स व ऑफिस तथा 20 ढाबा व कियोस्क के प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया को भी गति दी जा रही है।

**1000 से लेकर 10,005 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाले हैं प्लॉट्स, रिजर्व प्राइस तय**

योजना के अंतर्गत, 1000 से लेकर 10,005 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाले प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा इस योजना के अंतर्गत जो प्लॉट्स ई-ऑक्शन के लिए उपलब्ध हैं उनका रिजर्व प्राइस 2.99 करोड़ से लेकर 35.17 करोड़ रुपए के बीच निर्धारित है। योजना के अंतर्गत, केपी-05 के प्लॉट 12बी का क्षेत्रफल 10 हजार स्क्वेयर मीटर है और इसका रिजर्व प्राइस 30.28 करोड़ रखा गया है। वहीं, केपी-05 के प्लॉट एचएस-12सी का क्षेत्रफल 6200 स्क्वेयर मीटर है और इसका रिजर्व प्राइस 18.34 करोड़ निर्धारित है। यह दोनों प्लॉट्स हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

**2 हॉस्पिटल, 1 नर्सिंग होम व 6 एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स की हो सकेगी स्थापना**

सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा लायी गई ई-ऑक्शन स्कीम में एमयू सेक्टर का प्लॉट एचओ-2 इस योजना का सबसे बड़ा और महंगा प्लॉट है। इसका क्षेत्रफल 10,005 स्क्वेयर मीटर है और इसका रिजर्व प्राइस 35.17 करोड़ निर्धारित है। वहीं, सेक्टर 10 के प्लॉट नंबर एचओ-2 का क्षेत्रफल 4439.50 वर्ग मीटर है और इसका रिजर्व प्राइस 19.52 करोड़ रखा गया है। इन दोनों प्लॉट्स पर हॉस्पिटल की स्थापना होगी। ईटीए-02 में 2511.40 क्षेत्रफल वाले प्लॉट एनएच-01 का रिजर्व प्राइस 10.70 करोड़ निर्धारित है जिस पर नर्सिंग होम की स्थापना हो सकेगी। केपी-01 में प्लॉट 34 ए व बी का क्षेत्रफल 2 हजरा स्क्वेयर मीटर है जिसका रिजर्व प्राइस 5.99 करोड़ है और यहां पैरामेडिकल व ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना हो सकेगी। इसी प्रकार, टेक जोन-4 के प्लॉट 06 व 07 का क्षेत्रफल 2000.27 वर्ग मीटर है और इसका रिजर्व प्राइस 5.99 करोड़ है। टेक जोन-4 के 26 व 27 का क्षेत्रफल 4000.39 वर्ग मीटर है और रिजर्व प्राइस 11.44 करोड़ है। वहीं केपी-5 के प्लॉट 89 (क्षेत्रफल 2001 वर्ग मीटर, रिजर्व प्राइसः 5.72 करोड़) तथा केपी-01 के 34सी में योजना के सबसे छोटे प्लॉट (क्षेत्रफल 1000.45 वर्ग मीटर, रिजर्व प्राइसः 2.99 करोड़) के आवंटन के जरिए वोकेशनल ट्रेनिंग व एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

**नवंबर में भूमि आवंटन के लिए ई-ऑक्शन प्रक्रिया को किया जाएगा पूरा**

इंस्टीट्यूशन प्लॉट्स के ई-ऑक्शन की स्कीम के लिए फाइनल सब्मिशन डेट 18 नवंबर निर्धारित की गई है और ई-ऑक्शन की प्रक्रिया नवंबर में पूरी की जाएगी। वहीं, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कॉमर्शियल शॉप/ऑफिस/ढाबा व कियोस्क स्कीम की ई-ऑक्शन प्रक्रिया को भी नवंबर में ही पूरा किया जाएगा। इस स्कीम के जरिए 43 कमर्शियल शॉप्स व ऑफिस तथा 20 ढाबा व कियोस्क के प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। इनमें 10.40 से लेकर 400 स्क्वेयर मीटर क्षेत्रफल वाले प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसकी टोटल कॉस्टिंग 13.65 लाख से लेकर 2.57 करोड़ के बीच निर्धारित है।

# मार्च 2025 में 32 लाख करोड़ होगी उत्तर प्रदेश की जीडीपी : सीएम योगी

**लखनऊ, 23 अक्टूबरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) मार्च 2025 तक 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। सीएम योगी ने यह बात बुधवार को एक प्रमुख समाचार पत्र द्वारा ताज होटल में आयोजित 'समृद्धि' राउंड टेबल सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने इस कार्यक्रम में राज्य की आर्थिक उपलब्धियों, सुरक्षा व्यवस्था, औद्योगिक विकास और माफिया के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की।

**पहले होते थे वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारें वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया की नीति अपनाती थीं, जबकि हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग की। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय राज्य की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपये थी, लेकिन उनकी सरकार के प्रयासों से 2023-24 में यह आंकड़ा 26 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है और अब 32 लाख करोड़ का लक्ष्य तय किया गया है।

**माफिया और अपराधी कतई बर्दाश्त नहीं**

सीएम योगी ने राज्य में माफिया के खिलाफ की गई कड़ी कार्रवाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अपराधियों और माफिया को कतई बर्दाश्त नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जिस क्रूरता से अपराधी और माफिया नागरिकों के साथ व्यवहार करते थे, उसी क्रूरता से हमारी सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करती है। उन्होंने बताया कि राज्य में एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसके तहत 64 हजार एकड़ भूमि माफियाओं से मुक्त कराई गई है। पहले की सरकारें माफिया की मदद करती थीं, लेकिन अब उनकी सुरक्षा हटाकर राज्य को माफिया मुक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



**यूपी में निवेश के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में निवेश और औद्योगिक विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2017 में जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी, तब निवेश की स्थिति बेहद खराब थी। लेकिन अब यूपी में निवेश के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पहले हमारे अधिकारियों को 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाना भी बड़ी बात लगती थी, लेकिन आज हम 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर चुके हैं, जिससे डेढ़ करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा।

# आदमपुर पुलिस ने किया 48 घंटे में किया अपहरण का खुलासा, चार बदमाश गिरफ्तार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को आदमपुर पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार कर मात्र 48 घंटे में ही युवक के अपहरण का खुलासा कर दिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी, तथा गिरफ्तार बदमाशों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया, इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि 21 अक्टूबर को रामगोपाल पुत्र सिपाही सिंह निवासी गांव हयातपुर थाना आदमपुर द्वारा अपने पुत्र 22 वर्षीय सुनील कुमार के अपहरण के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर आदमपुर पुलिस, सर्विलांस, एसओजी टीम संयुक्त रूप से जांच पड़ताल में लगी हुई थी, सी ओ दीप कुमार पंत ने बताया कि इस बीच प्रकाश में आए अभियुक्त विशेष पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम हयातपुर थाना आदमपुर, पप्पू पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम जयतोरा थाना रजपुरा जनपद संभल , मुनीष पुत्र लाल सिंह निवासी गांव भीरावटी थाना धनारी जनपद संभल एवं अरविंद उर्फ भोले पुत्र भरत सिंह उर्फ दिनेश निवासी गांव भीरावटी थाना धनारी जनपद संभल द्वारा अपहरत युवक की फिरौती लेने के उद्देश्य से अपहरण किया था, आरोपियों ने बताया कि वह आदमपुर से अलीगढ़ होते हुए अपहरत युवक को राजस्थान ले गए थे, वहीं आदमपुर थाना प्रभारी शोकेंद्र बालियां के अथक प्रयासों एवं सर्विलांस व एस ओ जी के संयुक्त अभियान के तहत चारों अपराधियों को अपहरत युवक सहित राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था तथा अभियुक्तों के कब्जे से तीन तमंचे, तीन जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मोबाइल, दो गमछा में घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार बरामद की गई है, बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा हसनपुर कार्यालय पर इस घटना का खुलासा करते हुए पत्रकारों को जानकारी दी गई, वहीं खुलासे के बाद गिरफ्तार बदमाशों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया, गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से आदमपुर थाना प्रभारी शोकेंद्र बालियां, एसओजी प्रभारी रणवीर सिंह, सर्विलांस प्रभारी विजेंद्र मलिक समेत पुलिस स्टाफ सम्मिलित रहा।




# रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन विशिष्टता का प्रतीक : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 23 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भावांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम भारत के प्रतिष्ठित मानस मर्मज्ञ और पद्मभूषण सम्मानित पं. रामकिंकर उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पं. रामकिंकर उपाध्याय की महिमा का बखान करते हुए उनके योगदान और सनातन धर्म के प्रति उनके समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**महापुरुषों के योगदान को याद रखना हमारा दायित्व**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि हम एक ऐसे महापुरुष के शताब्दी समारोह के आयोजन से जुड़े हैं, जिनका जीवन सनातन धर्म और प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर आधारित था। युग तुलसी पं. रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन श्रीराम और तुलसी साहित्य के प्रति समर्पित था। उनकी व्याख्याएं और चिंतन अनूठी थी, जो सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। सीएम योगी ने यजुर्वेद का उल्लेख करते हुए महापुरुषों के लक्षणों की बात की और कहा कि शास्त्रों में दो प्रकार के पुरुषों की चर्चा होती है, प्राकृत पुरुष और विशिष्ट पुरुष। रामकिंकर जी का संपूर्ण जीवन विशिष्टता का प्रतीक रहा है। उनका कार्य और उसके परिणाम बताते हैं कि उन्होंने लीक से हटकर समाज को प्रेरणा दी है।



**श्रीराम कथा की विशिष्ट शैली का किया सूत्रपात**

पं. रामकिंकर उपाध्याय की श्रीराम कथा की विशिष्ट शैली का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने रामकथा को एक नई दिशा दी। उनकी कथाएं न केवल आम जनमानस, बल्कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे गणमान्य लोगों को भी प्रभावित करती थीं। लगभग छह दशकों तक उन्होंने मानस के माध्यम से सनातन धर्म की सेवा की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह हमारा दायित्व है कि हम ऐसे महापुरुषों के प्रति सम्मान का भाव रखें और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

**सुखद संयोग कि जन्मशताब्दी वर्ष में साकार हुआ 500 वर्षों का सपना**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. रामकिंकर उपाध्याय का जन्म शताब्दी वर्ष एक विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह वही वर्ष है जब 500 वर्षों के बाद श्रीरामलला अयोध्या में विराजमान हो चुके हैं। यह सच्ची श्रद्धा और भक्तिभाव का अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने इस महान संयोग को रामकिंकर जी की श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बताया।

# महाकुंभ 2025 में "योगी की फोर्स" पेश करेगी मानवता की अनूठी मिसाल






**प्रयागराज, 23 अक्टूबर।** मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज में होने जा रहा है। महाकुंभ 2025 के आयोजन और संचालन के लिए योगी सरकार और यूपी पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सीएम योगी की मंशा के मुताबिक इस महाकुंभ में यूपी पुलिस मानवता की अनूठी मिसाल पेश करेगी। इस उद्देश्य से यूपी पुलिस ने प्रयागराज के परेड ग्राउंड में संकल्प प्रशिक्षण पंडाल में ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू कर दिया है। "सुरक्षा आपकी-संकल्प हमारा" के ध्येय के साथ-साथ यूपी पुलिस का पूरा ध्यान महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की हर संभव मदद और उनके प्रति विनम्र व्यवहार करने पर है। ताकि श्रद्धालु महाकुंभ से लौट कर अपने साथ पुण्य और सुखद अनुभव ही लेकर जाएं। उल्लेखनीय है कि दिसंबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण में 21 दिनों तक दो बैच में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**सॉफ्ट स्किल सीख रहे जवान**

विश्व में मानवों के सबसे बड़े समागम महाकुंभ 2025 में लगभग 40 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दिन लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, साधुओं, संन्यासियों और पर्यटकों की सुरक्षा और व्यवस्था का जिम्मा यूपी पुलिस के हाथ में है। एसएसपी कुंभ राजेश द्ववेदी ने बताया कि सीएम योगी की आशाओं के मुताबिक यूपी पुलिस इस महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके प्रति विनम्र व्यवहार पर विशेष जोर दे रही है। इसके चलते प्रयागराज में 16 अक्टूबर से चल रहे पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विशेष बल सॉफ्ट स्किल और जेंडर सेशटाइजेशन पर दिया जा रहा है। सॉफ्ट स्किल के तहत पुलिस कर्मियों को श्रद्धालुओं से बात-चीत करने, उनकी मदद करने, पार्किंग, यतायात के साधन व मेले के सही रूट व ठहरने के स्थान बताने की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही मेले में आने वाले साधू, संन्यासियों के प्रति कैसा व्यवहार करना है, ये भी बताया जा रहा है।

**भाषाई अनुवाद के लिए किया जाएगा एप का उपयोग**

उन्होंने बताया कि विदेशी पर्यटकों और देश के कोने-कोने से आने वालों से उनकी भाषा में बात कर मदद करने के लिए एआई टेक्नॉलाजी की मदद लेने का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए भाषीनि एप भी बनाया गया है जो कई भाषाओं का अनुवाद करने में सक्षम है। साथ ही पुलिसकर्मियों को चैटबॉट की भी जानकारी दी जा रही है। ताकि मेले में श्रद्धलुओं की हर संभव मदद की जा सके।

**जेंडर सेंसटाइजेशन पर जोर**

अंत प्रशिक्षण कार्यक्रम में सबसे ज्यादा जोर जेंडर सेंसटाइजेशन पर है। एसएसपी कुंभ ने बताया कि महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में आने वाली महिला श्रद्धालुओं की मदद के लिए हर जगह महिला पुलिस तैनात करना संभव नहीं है। इसलिए पुरूष पुलिस कर्मियों को भी महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने और मदद करने को प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही जल पुलिस, एडीआरफ व एसडीआरफ के सैनिकों को विशेष कर कल्पवासियों और स्नार्थियों की स्नान के दौरान सुरक्षा और डूबने बचाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। जल पुलिस मेले में नावों के संचालन व सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखेगी। ट्रैफिक व सिविल पुलिस श्रद्धालुओं के स्नान घाटों तक पहुंचने व सुरक्षित वापसी को सुनिश्चित करेंगे। महाकुंभ 2025 में यूपी पुलिस का ध्येय सीएम योगी के दिव्य भव्य सुरक्षित महाकुंभ के संकल्प को पूरा करना है।

# 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती कर रिकॉर्ड बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ, 23 अक्टूबरः** सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामनगरी में दीपोत्सव का आयोजन होगा। आठवें दीपोत्सव पर 25 लाख दीप प्रज्वलित होंगे। दीपोत्सव का शुभारंभ साकेत से चार किमी. तक शोभायात्रा में कलाकारों के विभिन्न दलों द्वारा रामायण के विविध प्रसंगों पर आधारित आयोजन व मंचन किया जाएगा। इस बार दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी रहेंगे। योगी सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री व अतिथियों की मौजूदगी में इस बार लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। वहीं लाखों दीपों के मध्य अवरिल सरयू धारा, राम की पैड़ी पर पानी के बीचोबीच भव्य स्टेज पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व लेजर शो होगा।

**छह देशों के कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन**

योगी सरकार एक ओर दीपोत्सव के आयोजन के साथ विभिन्न देशों की संस्कृति से भी लोगों को परिचित कराती है तो दूसरी तरफ यहां की संस्कृति का भी प्रचार-प्रसार करती है। इसी क्रम में आठवें दीपोत्सव में छह देशों के कलाकार रामलीलाओं का मंचन करेंगे। इसमें थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, मलेशिया व नेपाल के कलाकार हिस्सा लेंगे। इसमें आईसीसीआर का सहयोग लिया जाएगा।

**रामनगरी में देश के 16 राज्यों के कलाकार अपनी संस्कृति से कराएंगे अवगत**

दीपोत्सव के दौरान रामनगरी अयोध्या में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित 16 राज्यों के कलाकार भी हिस्सा लेंगे। इसमें कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, असम, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, बिहार, चंडीगढ़, सिक्किम, छत्तीसगढ़ के कलाकार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वहीं दीपोत्सव-2024 में गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, तुलसी उद्यान, हनुमानगढ़ी, रामपथ, रामकथा पार्क, सरयू तट, राम की पैड़ी आदि स्थानों पर देश-विदेश के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही भव्य ड्रोन शो, म्यूजिकल लेजर शो आदि भी होंगे।

# हरियाणा

## पराली जलाने के आरोप में 8 किसानों के खिलाफ मामला दर्ज



बाबैन क्षेत्र में किसानों द्वारा धान के अवशेष पराली में लगाई गई आग।

बाबैन, अक्टूबर : खेतों में धान के अवशेष (पराली) जलाने के आरोप में उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की शिकायत पर पुलिस ने क्षेत्र के 8 किसानों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने पुलिस को भेजी शिकायत में कहा कि मंगोली जाटान के किसान राजेश कुमार, कर्मजीत कौर, बलराज, कालीरोणों के किसान सुखदेव, भगवानपुर के किसान वीरेंद्र कुमार, बरगट के किसान हुकुम सिंह, बीड़ सुजरा के किसान जय भगवान, बड़तौली के किसान ज्ञान चन्द ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र के आदेशों की अवहेलना कर अपने खेतों में पड़े धान की पराली में आग लगा कर वातावरण को प्रदूषित किया है। पुलिस ने आरोपी किसानों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिताओं का अपना महत्व



उपायुक्त डा. मनोज कुमार विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता बच्चों के साथ।

सोनीपत, अक्टूबर। जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा बाल भवन में आयोजित किए जा रहे बाल महोत्सव का मंगलवार को समापन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विभिन्न प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए प्रतियोगिताओं का अपना महत्व है। आज के दौर में अब पढ़ाई के अतिरिक्त भी कला, खेल व अन्य क्षेत्रों में कैरियर की अपार संभावनाएं उत्पन्न हो गई हैं। उन्होंने सभी भाग ले रहे बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्कूली पाठयक्रम के साथ-साथ विद्यार्थियों के सवार्गीण विकास के लिए किसी न किसी गतिविधिं में भाग लेते रहना चाहिए। इस मौके पर शिक्षा विभाग से एपीसी अत्तर सिंह, सहायक धर्मपाल, भगवान दिक्षित, सीमा, सेल्जा, अनिता, मोनिका दहिया, सविता, सुनील संत, सुमन, मंजू, सुनिता, निकेन्दर, रीना, राहुल, ममता, शिवाली तथा पूनम सहित अनेक स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

## मोटरसाईकिल चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत, अक्तूबर : जिले के थाना कुण्डली की पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों सौरव उर्फ डेविल पुत्र राजेन्द्र मुज्जफरनगर , मोनू पुत्र महेन्द्र निवासी शामली व अंकित पुत्र प्रवीन निवासी बागपत को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत 08 अक्टूबर को याशु पुत्र सुभाष निवासी रूप नगर सोनीपत नें थाना कुण्डली में शिकायत दी कि मैं अपनी मोटरसाईकिल मार्का हौंडा 150 सफेद को लेकर दिनांक 07.10.2024 को सुबह 9.23रू पर ड्यूटी पर सिग्माविजीं इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनी सैक्टर-56 आया था और मोटरसाईकिल को कम्पनी के बहार खड़ा किया था जब मै श्याम को छूटी होने के बाद 6.15बहार निकला तो मेरी मोटरसाईकिल मुझे कम्पनी के बहार नही मिली जो मैने के छ्ष्ट्ङ्क कैमरा चेक करवाए तो समय करीब 4.52 पर 3 नौजवान लडके 1 मोटरसाईकिल पर आए थे उन्होंने मेरी मोटरसाईकिल चोरी कर ली । इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओं के तहत थाना कुण्डली में मामला दर्ज किया गया था। थाना कुण्डली पुलिस टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही संजीत ने अपनी पुलिस टीम के साथ मोटरसाईकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों सौरव उर्फ डेविल पुत्र राजेन्द्र मुज्जफरनगर , मोनू पुत्र महेन्द्र निवासी शामली व अंकित पुत्र प्रवीन निवासी बागपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियो से चोरीशुदा मोटरसाईकिल को भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

## नवीन जिन्दल फाऊंडेशन ने लगाए नवीन संकल्प शिविर



कुरुक्षेत्र, अक्टूबर : सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नवीन संकल्प शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिंदल के कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि गांव समसपुर और दबखेडी के लोगों को पेंशन, आधार और परिवार पहचान पत्र संबंधित कागजों को पूरा करने में मदद की गई। इस अवसर पर मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 137 मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श व निःशुल्क दवाइयां दी गई। सांसद जिन्दल की पहल पर लगे इस मेडिकल कैंप में 31 लोगों के रक्त और यूरिन की जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा मोबाइल मेडिकल युनिट, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में नियमित रूप से चलाई जा रही है। नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित दूसरी मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लाडवा हल्का के गांव सिरसमा और डेरा पुरबिया में 140 मरीजों को परामर्श के बाद निःशुल्क दवाइयां दी गई और 19 मरीजों के टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को पिहोवा के गांव गुमथला गढ़ू और खेड़ी शीशगरां में नवीन संकल्प शिविर लगाए जाएंगे।

## मामूली कहासुनी में वृद्ध महिला को पीटकर किया घायल

खरखौदा, अक्तूबर : थाना क्षेत्र के गांव झिंझौली में मामूली कहासुनी में एक व्यक्ति ने एक वृद्ध महिला को पीट कर घायल कर दिया। बाला देवी ने बताया कि जब वह अपने प्लाट पर गई तो उसने देखा कि उसका पड़ोसी कृष्ण प्लाट में लगी घीया तोड़ रहा था। जब उसने मना किया तो वह गुस्से में आ गया और मार पिटाई शुरू कर दी। उसने अपने हाथ में ली हुई जेली से मुंह पर चोट मारकर घायल कर दिया। जब उसने शोर मचाया तो वह उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। उसे घायल अवस्था में परिजनों द्वारा इलाज के लिए सोनीपत के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सी.ए.आर.-टी सेल व बी.एम.टी. थेरेपी से संभव है बच्चों के ब्लड कैंसर का उत्तम इलाज: मेदांता विशेषज्ञ डॉ. सत्य प्रकाश यादव

### मेदांता के सत्र में इन अत्याधुनिक थेरेपी के महत्व के बारे में बताते हुए बच्चों में कैंसर के बढ़ते भार को संबोधित किया गया

करनाल. सुखविंदर सोही , हरियाणा, 23 अक्टूबर, 2024: मेदांता, गुरुग्राम-न्यूजवीक द्वारा भारत के सर्वश्रेष्ठ प्राईवेट हॉस्पिटल के रूप में सम्मानित और देश के अग्रणी सुपरस्पेशियल्टी हॉस्पिटल्स में से एक ने हरियाणा के करनाल ज़िले में बच्चों में होने वाले खून के कैंसर के लिए उपलब्ध इलाज की अत्याधुनिक विधियों की जानकारी देने के लिए एक जागरुकता सत्र का आयोज आयोजन किया। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. सत्य प्रकाश यादव, डायरेक्टर, पेडियेट्रिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट, मेदांता, गुरुग्राम ने की। इस सत्र में



क्लिनिशियंस को बच्चों के ब्लड कैंसर के इलाज की अत्याधुनिक विधियों, जैसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बी.एम.टी.) और सी.ए. आर. टी सेल थेरेपी, के बारे में बताया। इस सत्र में इन अत्याधुनिक थेरेपी के महत्व के बारे में बताते हुए बच्चों में कैंसर के बढ़ते भार को संबोधित किया गया। खून का कैंसर, या हेमेटोलॉजिक कैंसर, बोन मैरो व लिम्फेटिक सिस्टम को प्रभावित करता है। इसमें डीएनए म्यूटेशन के कारण खून की कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि होने लगती है, जिससे संक्रमणों से लड़ने और ठीक होने की शरीर की क्षमता कम हो जाती है। हर साल दुनिया में इस कैंसर से पीड़ित 300,000 बच्चों के मामले सामने आते हैं। भारत में ऐसे बच्चों की सालाना गिनती तकरीबन 50,000 के आस पास है, जिनमें सबसे ज्यादा मामले ल्यूकेमिया के हैं, जो बच्चों के सभी कैंसर के मामलों में लगभग 30 प्रतिशत हैं। ल्यूकेमिया किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यह मुख्यतः 2 साल से 6 साल के बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करता है।

## रक्तदान और प्लेटलेट दान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा

बिटू संधू की रिपोर्ट

करनाल। रक्त की आपूर्ति के क्षेत्र में हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा वर्ष 1990 से कार्य कर रहे हैं। रक्तदान के लिए वे हरियाणा के अतिरिक्त अन्य स्थानों तक भी चले जाते हैं। आज रात्रि में उनके पास प्लेटलेट्स की मांग की सूचना प्राप्त हुई तो वे कुरुक्षेत्र से बिना किसी देरी के करनाल पहुंचे और निर्मल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में स्वेच्छा से प्लेटलेट दान किये। आज रात्रि में उन्होंने 83वीं बार



प्लेटलेट दिए। इसके साथ ही वे 171 बार रक्तदान कर चुके हैं। प्लेटलेट दान करते हुए उन्होंने बताया कि 26 नवंबर दिन मंगलवार को करनाल मानव सेवा संघ में सेना में नायक रह चुके श्री कली राम खिप्पल की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जिसका समय प्रातः: 10 बजे से 2 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा जिसमें राष्ट्र को समर्पित विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

## सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक खेलो को संजोए रखना हमारा दायित्व : नवरीत सिंह विर्क

### लखमड़ी में मीर बाबा पीर की मजार पर दो दिवसीय मेला महिला कबड्डी के साथ शुरू





मीर बाबा पीर की मजार लखमड़ी में महिला कबड्डी का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि संगरूर के एसपी नवरीत सिंह विर्क, मेला प्रबंधक कमेटी व ग्राम पंचायत लखमड़ी के सदस्य (दाएं) मेले में महिला कबड्डी का एक दृश्य।

बाबैन, अक्टूबर : मीर बाबा पीर की मजार लखमड़ी में दो दिवसीय वार्षिक मेला महिला कबड्डी प्रतियोगिता के साथ शुरू हो गया। संगरूर पंजाब के एसपी नवरीत सिंह विर्क द्वारा अपने पैतृक गांव लखमड़ी में पूर्वजों की याद में आयोजित इस मेले का शुभारंभ महिला कबड्डी प्रतियोगिता से शुरू किया। महिला कबड्डी में कुल 8 टीमें भाग ले रही है। पहली प्रतियोगिता में खैरी की टीम ने मथाना की टीम को हराया। पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मीर बाबा पीर की मजार पर माथा टेक कर मन्नते मांगी। इस अवसर पर शमसेरजीत सिंह विर्क, कर्नल फतेह सिंह विर्क, गुरदीप सिंह विर्क मंगोली, गगनदीप सिंह विर्क, सरपंच सतपाल सिंह, जसविंदर सिंह ढिल्लो, जितेंद्र सिंह विर्क, सुरेंद्र सिंह, शिव कुमार सैनी, बलिहार सिंह विर्क, डॉक्टर अमित गैरी विर्क, नवजीत सिंह, ताज विर्क, बलराज सिंह, डॉ शाहबाज सिंह, जोधवीर सिंह विर्क, सुरजीत सिंह के अलावा अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे। खिलाडि?ं को संबोधित करते हुए एसपी नवरीत सिंह विर्क ने कहा कि गांवों में मेलों में होने वाली खेल प्रतियोगिताएं हमारी प्राचीन भारतीय सभ्यता व संस्कृति की प्रतीक है, जो हमारे पूर्वजों की याद को भी ताजा करते है। उन्होंने कहा कि इन खेल प्रतियोगिताओं का गांवों के लोग खूब आनंद उठाते है और उनका खूब मनोरंजन भी होता है। गांवों में ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी को अपनी प्राचीन संस्कृति को जीवित रखने व अपने पूर्वजों को याद रखने की भी प्रेरणा भी मिलती है।

## नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र, अक्तूबर। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थो की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में पुरषोतम कुमार पुत्र प्रताप चन्द वासी ढकाला जिला पटियाला व अनिल कुमार पुत्र मोहन मुखिया वासी बलवाही जिला शिपोल बिहार को गिरफ्तार करके उनके कब्जा से 500 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## फर्जी दस्तावेजों पर प्रोफैसर कालोनी की 1100 गज की प्रापर्टी बेचने के मामले में केस दर्ज

### मामले में आरोपी परमजीत ने ही मिलीभगत से बेची प्रोपर्टी

यमुनानगर, अक्तूबर : फर्जी दस्तावेजों पर प्रोफेसर कालोनी की 1100 गज की प्रापर्टी बेचने के मामले में शहर यमुनानगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। यह प्रापर्टी सिविल लाइन निवासी अनिल मित्तल व उसकी पत्नी सुदेश मित्तल के नाम पर है। इस प्रापर्टी को भी पूर्व में गिरफ्तार हो चुकी परमजीत कौर ने ही मिलीभगत कर बेचा। परमजीत कौर ने अपनी बेटी के नाम पर पावर आफ अटार्नी की। जिसके बाद इस प्रापर्टी को उर्मिला नाम की महिला को बेच दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रोफेसर कालोनी स्थित यह प्रापर्टी अनिल मित्तल व उनकी पत्नी के नाम पर वर्ष 1988 से है। प्रापर्टी फर्जीवाड़े से जुड़े दूसरे केस की तफ्तीश के दौरान आरोपितों से पूछताछ में पुलिस को अनिल मित्तल की प्रापर्टी फर्जी दस्तावेजों पर बेचने का पता लगा। जिसके बाद पुलिस ने अनिल मित्तल से संपर्क किया। अब उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में उन्होंने बताया कि सितंबर 2020 में उन्हें पता लगा था कि उर्मिला देवी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नंबर वाली संपत्ति को अपने नाम पर दर्ज करा लिया है। उन्होंने दस्तावेजों की जांच की और रिकार्ड में सुधार किया, जिसके बाद ही यह प्रापर्टी उनके नाम दर्ज कर ली गई। इतना ही नहीं प्रापर्टी पर कब्जा लेकर यह भी लिखवाया कि परमजीत कौर, मनिका कौर ने उर्मिला देवी के पक्ष में फर्जी दस्तावेज दिए हैं। इस संपत्ति का मूल्य एक करोड़ 65 लाख रुपये दिखाया गया है लेकिन उसी बिक्री को दस्तावेज में 30 लाख रुपये दिखाया गया। यह पूरा फजीर्वाड़ा है। वहीं पार्षद नीरज राणा का कहना है कि जिस वार्ड में यह प्रापर्टी है। वह उनका वार्ड नहीं है। ऐसे में वह किसी अन्य वार्ड की प्रापर्टी को सत्यापित नहीं कर सकते। फजीर्वाड़ा करने वालों ने ही यह फर्जी दस्तावेज तैयार किए होंगे। पुलिस ने मामले में जांच की। फर्जी दस्तावेजों पर प्रोफेसर कालोनी की 1100 गज की प्रापर्टी बेचने के मामले में शहर यमुनानगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## पिपली खेड़ा व दतौली में 132 दिव्यांग और बुजुर्गों को बांटे गए सहायक उपकरण

### दिव्यांगजनों व बुजुर्गों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन एवं सहयोग की आवश्यकता : देवेंद्र

गन्नौर, अक्टूबर : एल्मिको आसरा सोनीपत की ओर से पिपली खेड़ा व दतौली गांव में दिव्यांजनों व बुजुर्गों का विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए। गांव पिपली खेड़ा में 52 दिव्यांगों और दतौली में 80 बुजुर्गों को बैटरी व्हीलचेयर, डोगा, कान मशीन, व्हीलचेयर साधारण व आधुनिक, कमर बेल्ट, बाथरूम चेयर आदि उपकरण बांटे गए। उपकरण पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्मिको आसरा संचालक प्रवीन लांबा ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत



दिव्यांजनों व बुजुर्गों को उपकरण देते हुए विधायक देवेंद्र कादियान, साथ में प्रवीन लांबा।

की और लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के अभिन्न अंग है। हमें उनके साथ बराबरी का व्यवहार करना चाहिए। सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण के साथ शिक्षा, पेंशन समेत कई योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों व बुजुर्गो को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन एवं सहयोग की आवश्यकता है। वहीं, एल्मिको आसरा पिपली खेड़ा संचालक प्रवीन लांबा ने बताया कि दिव्यांग व बुजुर्गों का उपकरण वितरित करने से पहले उनका रजिस्ट्रेशन किया जाता है। पिपली खेड़ा व दतौली में उपकरण बांटे गए है। आज मुकीमपुर में 80 लोगों को उपकरण वितरित की जाएंगे। इस अवसर पर रेडक्रॉस से गौरव, रामकरण, जयदीप मलिक, नीरज, हरबीर, मिन्टा, शिवकुमार, रणधीर गिरी, बल्ली, तारा गिरी, गोपी आदि मौजूद रहे।

## नगर पालिका कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में दो फरियादी ही पहुंचे



नगर पालिका परिसर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते नपा कर्मचारी।

गन्नौर, अक्तूबर : सरकार के आदेश पर लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मंगलवार को गन्नौर नगरपालिका कार्यालय में समाधान शिविर लगाया गया। नगर पालिका कार्यालय में दो ही लोग शिविर में पहुंचे। दो घंटे इंतजार करने के बाद अधिकारी अपने काम में फिर व्यस्त हो गए। बता दें कि नगर पालिका में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसमें केवल दो ही लोग समाधान करवाने पहुंचा। पहले व्यक्ति ने अपनी प्रोपर्टी आईडी बनवाने पहुंचा, जिसकी मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने प्रोपर्टी आईडी बना कर दी। जबकि दूसरे फरियादी अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ अटेस्ट करवाने पहुंचा जिसका कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही हल कर दिया गया। बाद में कोई भी व्यक्ति फरियाद लेकर नहीं पहुंचा। इस मौके पर नपा सचिव पवित्र गुलिया, एमई जयदेव शर्मा, जेई अरविंद कुमार, सफाई निरीक्षक पोषण मलिक, लिपिक अनिल कुमार, सुमित कुमार, सवित कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बादशाही रोड पर टूटा सीवर का ढक्कन, अधिकारी नहीं ले रहे सुध



बीएसटी के पास बादशाही रोड पर सीवर के मेन हाल का टूटे ढक्कन।

गन्नौर, अक्टूबर : शहर में सीवर के मेनहाल पर रखे ढक्कन बार-बार टूट रहे हैं। ढक्कन टूटने से मलबा मेनहाल में ही गिर जाता है। खुले मेनहाल से हर समय हादसा होने की आशंका बनी रहती है। शहरवासियों का आरोप है कि जलापूर्ति विभाग द्वारा निम्न स्तर के ढक्कनों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे वह बार-बार टूट जाते हैं। वहीं विभाग का तर्क है कि वाहनों की आवाजाही से ढक्कन कमजोर हो जाता है, जिससे ढक्कन टूट रहे हैं। माडल संस्कृति स्कूल से बादशाही रोड तक पानी निकासी के लिए जलापूर्ति विभाग ने सीवर लाइन दबा रखी है। बीएसटी रोड के साथ लगते बादशाही रोड पर मेनहाल का ढक्कन काफी दिनों से टूटा पड़ा है। मुख्य सड़क होने के कारण यहां से वाहन की आवाजाही अधिक होती है। क्षतिग्रस्त मेनहाल से बचने के लिए वाहन चालक कट लगाते हैं, जिससे वहां हादसा होने का डर बना रहता है, लेकिन अधिकारी कोई सुध नहीं ले रहे हैं। स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों को सीवर में गिरने से बचाने के लिए टूटे मेनहाल पर बैरियर लगा दिया है, ताकि वाहन चालकों के साथ दुर्घटना न हो।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि उनके संज्ञान में टूटे मैनहाल का मामला नहीं आया है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ करवाई करेंगे।

## नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के तीन दोषियों को 20 साल का कठोर कारावास : जीके टंडन

यमुनानगर, अक्तूबर : नाबालिग को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने के तीन दोषियों को कोर्ट ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह जानकारी देते हुए जिला उप न्यायवादी जीके टंडन ने बताया कि दोषियों में मायापुरी गोल्डनपुरी निवासी योगेश कांबोज, सबलपुर निवासी अतुल व रजनीश कुमार शामिल है। कोर्ट ने दोषियों पर 98 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है।

गांधी नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कालोनी निवासी पीडिता के पिता की शिकायत पर के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में पीडिता के पिता ने कहा था कि उसके पास दो बेटियां व एक बेटा है। 24 अप्रैल 2023 की शाम को करीब छह बजे उसकी 14 वर्षीया छोटी बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। आसपास व रिश्तेदारियों में तलाश के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लगा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 28 अप्रैल को पुलिस ने मायापुरी गोल्डनपुरी निवासी योगेश कांबोज के घर से पीडिता को बरामद किया। पुलिस ने सिविल अस्पताल में पीडिता की मेडिकल जांच करवाई, योगेश कांबोज व उसकी मां किरणा के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया, जहां से महिला को न्यायिक हिरासत व योगेश को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा दिया। पुलिस पुछताछ में योगेश ने बताया कि वह पीडिता को छप्पर बस स्टैंड से बरवाला ले गया था। जहां एक कमरा किराए पर लिया और उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद वह पीडिता को लेकर अपने घर आ गया। जहां उसे एक कमरे में बंद कर दिया। पुलिस ने 29 अप्रैल को मामले में गांव सबलपुर निवासी रजनीश व अतुल को काबू किया। तब से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। जिसमें अब कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है।

## विकास के कार्यों में रुचि लें अधिकारी अन्यथा करा लें बदली : विधायक



पंचायत समिति की बैठक में उपस्थित विधायक व अन्य।

खरखौदा, अक्तूबर : खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय खरखौदा में मंगलवार को ब्लॉक समिति की मीटिंग हुई । जिसमें पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया और मांग की गई कि जल्द से जल्द उनका समाधान किया जाए। बैठक में विधायक पवन खरखौदा, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग , ब्लॉक समिति चेयरमैन सत्येंद्र दहिया व पूर्व चेयरमैन राजवीर दहिया उपस्थित रहे। इस मौके पर फरमाना गांव में पेयजल की समस्या व हरिजन चौपाल निर्माण की मांग रखी गई। सिसाना गांव के ग्रामीणों ने पानी निकासी व पेयजल समस्या के बारे में बताया। इसी तरह से कहीं स्ट्रीट लाइट की समस्या सामने आई तो कहीं पानी निकासी व तालाबों के सौंदर्यीकरण की मांग रखी गई। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारी विकास के कार्यों में रुचि लें और जो कार्य 10 दिन में कर सकते हैं उसके लिए बेशक पहले से ही 20 दिन का समय लें। लेकिन 20 दिन के अंदर अंदर वह कार्य अवश्य होने चाहिए। अब विकास कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वाहन की टक्कर से किसान घायल

गन्नौर, अक्तूबर : बादशाही रोड पर वाहन की टक्कर से एक किसान घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में भोगीपुर गांव के बलवान ने बताया कि वह अपने साथी के साथ खेत में किसी काम से गया था। खेत से काम करने के बाद जब वह अपनी बाइक पर बादशाही रोड से अपने घर की तरफ जा रहा था तो अचानक एक ब्रेजा कार ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिस कारण वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### खाई मे गिरी बाइक, युवक की गई जान

**चित्रकूट।** अनियंत्रित बाइक खाई मे गिर गयी बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। इससे परिवार मे कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार राजापुर थाना क्षेत्र के कनकोटा मोड़ के पास रविवार राहुल मिश्रा (पुत्र सत्यप्रकाश, निवासी जाठी थाना कौशांबी शाम करीब 7 बजे अपने गांव कौशांबी से सरधुवा के भदेहदू स्थित अपने दोस्त कुलदीप सिंह के यहां से लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे कनकोटा मोड़ पर उनकी बाइक तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस ने उनके परिवार को इस हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। जहां दोपहर मे पोस्टमार्टम किया गया।

### छात्रवृत्ति के लिये होगा आधार बेस ई-केवाईसी

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति आधार बेस ईकेवाईसी पूर्ण करने के उपरान्त बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन अनिवार्य है। छात्र/छात्राओं के स्तर से अन्तिम रूप से शिक्षण संस्था को अग्रसारित आनलाइन आवेदन पत्र शिक्षण संस्थाओं द्वारा आधार बेस बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन के उपरान्त ही अग्रसारित करेंगे।

### तमंचा के साथ दो दबोचे

**चित्रकूट।** थाना सरधुवा उनि शिवमणि मिश्रा, आरक्षी नरेन्द्र कुमार, शक्ति सिंह ने अभियुक्त विजय कुमार पुत्र स्व0 माताबदल निवासी अरक्षा बरेठी को तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उधर थाना मऊ उनि शिवपूजन सरोज, आरक्षी सोनपाल, ब्रजेन्द्र राय ने अभियुक्त महेश निषाद पुत्र रामखेलावन निवासी कोल्हूआ को तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

### दुराचारी को न्यायालय ने सुनाई कठोर कारावास की सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय ने दुराचार के मामले मे आरोप सिद्व होने पर दस साल का कठोर कारावास के साथ 14 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि सकरौली गांव निवासी जगदीष ने 30 अप्रैल 2018 को एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार किया था। पीड़िता के पिता ने घटना के तुरंत बाद पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को आरोपी जगदीश ने धोखे से अपने साथ ले जाकर उसके साथ घृणित कार्य किया। इस घटना के बाद पीड़िता और उसके परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी जगदीश को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ठोस दलीलों के आधार पर आरोपी जगदीश को दोषी मानते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 14 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# एसएसबी द्वारा साइबर सुरक्षा पर दो दिवसीय कार्यशाला।

## साइबर अपराध से विभिन्न तरीकों से बचने के साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने के लिए आवश्यक विषयों पर जानकारी दी गई।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला में स्थित 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा, दि एशिया फाउंडेशन नई दिल्ली, जन जागरण संस्थान, पटना एवं साइबर पीस कॉर्प्स नई दिल्ली के संयुक्त उपक्रम में 65 वाहिनी एसएसबी बगहा के सभागार में 23 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक दो दिवसीय क्षमता निर्माण और साइबर अपराध पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार में बढ़ते विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों पर रोकथाम के उपायों एवं भारत-नेपाल के सीमावर्ती नागरिकों के मध्य साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना हैं।इस कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर नंदन



सिंह मेहरा, कमांडेंट, 65वीं वाहिनी एसएसबी बेतिया,कोजा राम लोमरोड़ द्वितीय कमान अधिकारी,कुमार देवेंद्र अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा,जन जागरण संस्थान,बिहार के सचिव वाई. के. गौतम, कार्यक्रम प्रबंधक आदित्य और जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने मिलकर पारम्परिक रूप से दीप प्रज्वलन किया।इस प्रशिक्षण में 65वीं वाहिनी एसएसबी बगहा के संचार शाखा के पदाधिकारियों, बल कार्मिकों, साइबर सेनानियों और वाहिनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा पर साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने वाले साइबर सेनानी सीमा मित्रों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों,उनसे बचने के उपायों और जनमानस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।राजन कुमार सहायक कमान्डेंट द्वारा स्वागत अभिभाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों ने भविष्य में साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। नंदन सिंह मेहरा, कमांडेंट, 65 वीं वाहिनी एसएसबी ने समाज में मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूक कार्य करने के लिए सत्येंद्र सिंह,बेरोजगार संघ, एवं अरुण कुमार सिंह,वन विकास भारती बगहा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में जन जागरण संस्थान, बिहार के सचिव वाई. के. गौतम, कार्यक्रम प्रबंधक आदित्य और जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार, 65वीं वाहिनी एसएसबी बेतिया से नंदन सिंह मेहरा, कमांडेंट, कोजा राम लोमरोड़ द्वितीय कमान अधिकारी, राजन कुमार सहायक कमान्डेंट, भरत सिंह यादव सहायक कमान्डेंट (संचार), 65 वाहिनी जिला पुलिस बगहा के पुलिस निरीक्षक अनुज कुमार,राजेश कुमार सब इंस्पेक्टर, शंभू कुमार गुप्ता,शिव कुमार तथा वाहिनी कार्यक्षेत्र के साइबर सेनानी जयनाथ महतो, सुभाष चन्द्र महतो, सिकंदर शाह, श्यामसुंदर महतो,धर्मेन्द्र महतो तथा अन्य बल कार्मिक उपस्थित थे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न।

### पैक्स से मिल और मिल से गोदाम तक अनाज ले जाने वाले सभी वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से लैस कराने का निर्देश।



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिला टास्क फोर्स की बैठक में कई निर्णय लिये गये। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा पूर्ण पारदर्शी तरीके से धान अधिप्राप्ति कार्य को सम्पन्न कराने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए पूर्ण पारदर्शी तरीके से धान अधिप्राप्ति की पूरी प्रक्रिया को सम्पन्न कराएं। डिफाल्टर मिलो, पैक्स, व्यापार समितियों को सूची से बाहर करें। किसी भी परिस्थिति में डिफाल्टर मिलो, पैक्स, व्यापार समितियां जो विभागीय मापदंड को पूरा नहीं कर रही है, डिफाल्टर है, मार्गदर्शिका का अनुपालन नहीं कर रही है, को धान अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न नहीं करना है। बैठक में अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु एमएसपी निर्धारित किया गया है। साधारण धान हेतु 2300 तथा ग्रेड धान हेतु 2320 रुपए निर्धारित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों का अधिकाधिक ऑनलाइन निबंधन कराना सुनिश्चित कराएं। ज्यादा से ज्यादा किसानों का ऑनलाइन निबंधन कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति में संलग्न मिलों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। जांच के क्रम में मिल की मिलिंग हेतु लाईसेंस, मिलिंग क्षमता, विद्युत कनेक्शन, विधुत मीटर, खपत विद्युत की मात्रा एवं कुछ अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जांच आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि पैक्स से मिल और मिल से गोदाम तक अनाज ले जाने वाले सभी वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगा हुआ होना चाहिए। सभी पैक्स में अनाज बेचने वाले किसानों के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी उक्त कार्यों का सतत अनुश्रवण करेंगे। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसान बंधु अपना निबंधन करा सके, इसे सुनिश्चित कराएंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कुमार रविन्द्र, वरीय उप समाहर्ता-सह-जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, एसएफसी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बेतिया के जीविका दीदियों द्वारा श्री विधि से खेती का किया उपज, किसानों को होगा फायदा

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पश्चिम चंपारण।** जिला स्थित मझौलिया ब्लॉक के विशंभरपुर पंचायत में जीविका दीदियों के बीच एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया ,जिसमे श्री विधि एवं परंपरागत विधि दीदी द्वारा किए गए खेती का उपज मूल्यांकन किया गया.जिसके अंतर्गत दोनों प्रकार के तरीकों से किए गए खेतों का क्राप कटिंग एक एक कट्ठे के खेतों का किया गया जिसमे एक प्लॉट के पाँच भागों से धान की फसल की कटाई कर उपज मूल्यांकन जीविका दीदियों के द्वारा किया गया,और उपज मूल्यांकन के बाद जीविका दीदियों के द्वारा बताया गया की श्री विधि से धान की उपज परंपरागत विधि से ज्यादा हुई हैं. इस मैके जीविका के कृषि प्रबंधक मोहन कुमार ने जानकारी दी की श्री विधि से धान की खेती करने पर उपज आंकलन में एक वर्ग मीटर में 25 झुर पाया गया और एक झुर में चालीस बाली की गणना की गई ,और एक बाली में 320 दाने का



उत्पादन आंकलन किया गया .एक वर्ग मीटर में औसत धान की उपज को 550 ग्राम का आंकलन किया गया. उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मझौलिया छेत्र में एक कट्ठे में 296 वर्ग मीटर होता है. उपज की गणना के करने कें बाद पता चला कि श्री विधि से खेती करने पर एक कट्ठे में लगभग 162 किलो धान का उत्पादन हो रहा है जबकि परंपरागत विधि से धान का उत्पादन लगभग 120 किलो धान की फसल हो रही है. इस मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक गुलाम सरवर ने जानकारी दी कि जीविका दीदि उन्नत विधि से खेती कर रही है साथ ही साथ उन्होंने दीदियों को जैविक विधि से खेती करने को प्रोत्साहित करने की सलाह दी. इसके अतिरिक्त सभी दीदियों को अपने घर में पोषण वाटिका लगाने की सलाह दी जिससे दीदियों को निरंतर साग सब्जी की उपलब्धता बनी रहे. इस मौके पर दिलीप राजहंस,हृदय पंडित और प्रखंड की सभी वीआरपी दीदी उपस्थित रहीं।

## डॉ. आशीष चोपड़ा समाज से वंचित लोगों की मदद करने में एक अलग मिशाल बनाई है।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

देश के जाने माने समाजसेवी डॉ. आशीष चोपड़ा एक बहुत प्रसिद्ध व्यक्ति हैं। आज कल के समय में समाज से वंचित लोगों की मदद करने में उनकी एक अलग मिशाल है। चाहे वह रक्तदान हो या पेड़ लगाना, शिक्षा हो, मुफ़्त भोजन, कपड़े और किताबें बांटना साथ ही हर साल वे बुजुर्गों को मुफ़्त कंबल बांटते हैं। डॉ. आशीष चोपड़ा पिछले कुछ सालों में उन्होंने 72 बार रक्तदान किया है, 250 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं और अपने शरीर के सभी अंगों को दान कर दिया है। उनकी कुछ उपलब्धियाँ हैं जैसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, पद्म श्री नामांकित, महात्मा गांधी सम्मान, कर्मवीर पदक, कल्पना चावला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड इत्यादि।



## स्टांप वेंडर्स ने उप निबंधक को सौंपा ज्ञापन

**बबेरू।** ऑल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन के प्रदेश संगठन की अगुवाई में उप निबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश संगठन मंत्री वरूण कुमार साहू की अगुवाई मेंउप निबंधक को ज्ञापन देकर बताया कि प्रदेश के नोडल डिपो एवं समस्त कोषागारों में लगभग 3 हजार करोड़ मूल्य के फिजिकल स्टांप 10 हजार से 25 हजार स्टांप डंप है । एसोशिएशन के संज्ञान में आया है कि उक्त डंप फिजिकल स्टांप पेपर को जलाकर नष्ट करने की कार्य योजना विभाग स्तर पर प्रस्तावित है। उक्त डंप स्टांप पेपर का विक्रय करने के लिए स्टांप वेंडर्स इच्छुक हैं। प्रदेश का स्टांप वेंडर्स उत्तर प्रदेश सरकार के लोक कल्याणकारी सरकार का राजस्व बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश के नोडल डिपो कोषागारों में तीन हजार करोड़ मूल्य के स्टांप 10 हजार से 25 हजार रुपए तक स्टांप जलाने के बजाय हम स्टांप वेंडर्स को बिक्री के लिए निर्गत करवाने के संबंध में नीतिगत निर्णय लेने की अनुमति जाए। इस दौरान धनराज सिंह कुशवाहा, विश्वनाथ, देवेन्द्र सिंह, मुकेशचन्द्र शिवहरे आदि स्टाम्प विक्रेता मौजूद रहे।



## जिले मे मची खाद किल्लत पर डीएम ने केन्द्रों का किया निरीक्षण

**चित्रकूट**

जनपद में डीएपी एवं फास्फेरसयुक्त खाद वितरण को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उर्वरक वितरण केंद्रों का भ्रमण कर खाद की जानकारी ली।




उन्होने मण्डी परिसर कर्वी स्थित आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग, पीसीएफ व कृषि विभाग के अधिकारियों को जरूरत के मुताबिक् डीएपी प्रेषण व वितरण कराने के निर्देश दिए। जिले में रबी फसलों की बुवाई चल रही है जिसके लिए किसानों द्वारा उर्वरक क्रय किया जा रहा है। जिले की 39 सहकारी समितियों व सात अन्य सहकारी केंद्रों पर खाद की 1150 मैट्रिक टन (23000 बोरी) डीएपी का आवंटन किया गया है। जिसमें से अभी तक कुल 12 समितियों पर प्रेषण किया जा चुका है। शेष समितियों पर प्रेषण जारी है। उर्वरक प्रेषण तेजी से करने के लिए जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देशित किया गया ताकि बुवाई के लिए किसानों को समय से डीएपी मिल सके।

## खाद की कालाबाजारी रोकने को टीमें मार रही छापा

**चित्रकूट।** थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने आकस्मिक छापेमारी की जिसमें जिले की सहकारी व निजी दुकानों से 12 नमूने संकलित किए जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा । जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारी की अगुवाई एवं उर्वरक निरीक्षक की देखरेख में खाद की दुकानों पर छापेमारी करते हुए स्टॉक एवं अभिलेख की जांच की गई तथा संदिग्ध स्टॉक से नमूने भी गृहीत किए गए। वर्तमान में रबी फसलों में बुवाई की जा रही है जिसके लिए किसानों द्वारा फास्फेरसयुक्त उर्वरकों का क्रय किया जा रहा है। इस समय जनपद में सहकारी समितियों व गोदाम में 1425 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है जिसे सभी सहकारी समितियां किसानों को वितरित करेंगी। किसान भाई अपनी जरूरत के अनुसार आधार कार्ड एवं खतौनी दिखाकर समितियों से उर्वरक ले सकते हैं ।तिलहनी फसलों में बुवाई के लिए डीएपी की जगह एनपीके 20-20रू0रू13 का प्रयोग करने से न केवल सरसों का उत्पादन बढ़ता है बल्कि तेल की गुणवत्ता एवं मात्रा दोनों में वृद्धि होती है क्योंकि एनपीके में 13ः सल्फर पाया जाता है जो तेल की गुणवत्ता और मात्रा को बढ़ाता है। अतः जो किसान भाई सरसों की बुवाई कर रहे हैं या करने वाले हैं किसी प्रकार की अनियमितता के लिए उर्वरक निगरानी सेल में प्रातरू 10 बजे से सायं 6 बजे तक मोबाइल नंबरों 8090846766 एवं 8299340562 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## पेट की आग बुझाने के लिए बच्चों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

### माता-पिता मजदूरी करते और बच्चे दिखाते हैं करतब

**महोबा**



पेट की आग बुझाने के लिए छोटे छोटे बच्चे हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर दो रोटी का इंतजाम कर रहे हैं। इनके हैरतअंगेज करतब देखकर दर्शक दांतो तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो जाते हैं। ये बच्चे सुबह से ही ढोल और करतब का सामान लेकर बस्ती में निकल पड़ते हैं, जहां पर ढोलक की थाप की आवाज सुनते ही बस्ती के लोग घरों से निकलकर करतब देखने के लिए एकजुट हो जाते हैं। इन बच्चों ने पेट पालने के चक्कर में कभी स्कूल का मुह तक नहीं देखा है।

बुंदेलखंड में बेहद गरीबी के चलते साठ फीसदी लोग मजदूरी करके परिवार चलाते हैं। कुछ लोग मजदूरी करने के बाद भी बच्चों की अच्छी परवरिश और शिक्षा हासिल करने के लिए स्कूल भेजते हैं। यहां तक कि तमाम किसान भी किसानी का काम खत्म होने के बाद मजदूरी करने लगते हैं। इतना ही नहीं तीस फीसदी से ज्यादा लोग दिल्ली पंजाब, आगरा, घाटमपुर, फतेहपुर, गुजरात सहित तमाम महानगरों में मजदूरी करने निकल जाते हैं। शेष लोग महोबा शहर में आकर मजदूरी के लिए एक स्थान पर एकत्र होते हैं, जहां से उन्हें ठेकेदार और निर्माणकर्ता मजदूरी के लिए ले जाते है। यह मजदूर दिन रात मेहनत करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।

कुछ मजदूर स्वयं मजदूरी करते हैं और अपने बच्चों को भी उसी रास्ते पर ले जाते हैं। ऐसे मजदूर अपने बच्चों को खेलने कूदने और पढ़ने की उम्र में स्कूल न भेजकर उन्हें बचपन में ही कुछ करतब सिखाकर पैसा कमाने का रास्ता तलाश लेते हैं। गुरुवार को इसी तरह कुछ हैरतअंगेज करतब दिखाने वाले छोटे छोटे बच्चों ने बस्ती में करतब दिखाए। आठ साल के हीरा ने 15 फिट ऊची पतली लकड़ी पैर में बांधकर ढोलक की आवाज पर डांस किया और करतब दिखाए। चार साल की बच्ची ने भी डांस करने के साथ करतब भी दिखाए। हीरा ने छोटा सा लोहे का छल्ला पहले हाथ में फिर पूरे शरीर में डालकर पैरों से निकाला, जिसे देखकर लोग अश्चर्य चकित रह गए।

## धर्म कांटा लगवाएं, बाजार भाव प्रतिदिन बोर्ड में लिखें

**बबेरू।** तहसील सभागार में क्षेत्रीय किसानों की धान खरीद से संबंधित समस्याओं को लेकर एसडीएम बबेरू की मध्यस्थता में गल्ला व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ। इसमें एसडीएम ने किसानों की सभी मांगों को उचित मानते हुए संबंधित अधिकारियों और व्यापारियों को पालन करने के आदेश दिए। किसानों के साथ हो रही घटतौली को रोकने के लिए मंडी समिति बबेरू मे धर्मकांटा लगवाने के साथ-साथ प्रतिदिन बाजार भाव बोर्ड में लिखने के निर्देश दिए गए। वहीं व्यापारियों को किसानों से गल्ला खरीदते ही तुरंत 6-आर तुरंत, नगद भुगतान या तत्काल चेक देने के लिए आदेशित किया। बुंदेलखंड नव निर्माण किसान सेना के महानन्द पटेल ने कहा कि बैठक में हुए समझौता को लागू होने तक इंतजार करेंगे, यदि उपरोक्त मांगे पूरी नहीं हुई तो हम गांव जाकर जन आंदोलन करेंगे। किसान प्रतिनिधि मंडल मे महानंद पटेल, रामदेव सिंह, डॉ.अनूप पटेल, प्रहलाद करवरिया डालचंद मिश्र, शैलेंद्र सिंह, मदन भाई, बृजमोहन सिंह,श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब बना रहे युवक को पुलिस ने सामग्री सहित दबोचा

**महोबा**

पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 सत्यपाल सिंह व उ0नि0 हीरामणि तिवारी मय हमराह हे0का0 श्रीपत यादव, का0 विनोद कुमार गौतम व का0 आसवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्थित कबूतरा डेरा बिच्छू पहाड़िया कस्बा महोबा में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी, इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब व मिश्रित लहन के साथ अभियुक्त आशीष कबूतरा पुत्र मंगल कबूतरा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कबूतरा बिच्छू पहाड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा व 01 नफर बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है, जिनके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की बड़ी टंकी मे 100 ली0 कच्ची शराब महुआ नाजायज



सहित भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। इसके अतिरिक्त मौके पर ही बरामद 400 ली0 मिश्रित लहन को नष्ट किया गया है । इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 535/2024 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।




मंगलवार को झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया में एक चुनाव प्रचार रैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना सोरेन ।

# गैर-स्थानीय श्रमिकों को घाटी छोड़ने के लिए दबाव बनाना चिंताजनक : मुफ्ती

● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गांदरबल जिले में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा गैर-स्थानीय मजदूरों पर घाटी छोड़ने के लिए दबाव डालने की खबरों पर मंगलवार को चिंता व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर संयम बरतने का आह्वान किया।

सोनमर्ग पर्यटन रिसॉर्ट के पास श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक श्रमिक शिविर पर रविवार शाम को हुए हमले में एक बुनियादी ढांचा कंपनी के सात कर्मचारियों की मौत हो गई, जिनमें एक स्थानीय कश्मीरी डॉक्टर भी शामिल थे। इसके अलावा, पांच अन्य मजदूर घायल भी हुए। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन ने ली है, जिसने कहा है कि यह हमला भारतीय सुरक्षा



बलों के खिलाफ एक जवाबी कार्रवाई थी। इस हमले की निंदा करते हुए कहा गया है कि यह एक कायराना और अमानवीय कार्रवाई है। इस घटना के बाद, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और हमले के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दी है। मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंगलवार को कहा कि गैर-स्थानीय कामगारों के जाने से देश में खराब संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनमर्ग में हुए बर्बर हमले के बाद ऐसी खबरें आ रही हैं कि स्थानीय प्रशासन गैर स्थानीय मजदूरों पर तुरंत घाटी छोड़ने का दबाव बना रहा है।



मंगलवार को गुवाहाटी में दिवाली महोत्सव से पहले अपनी कार्यशाला में मिट्टी के दीये बनाते एक कुम्हार।

## सार संक्षेप

### फिल्म 'गो नोनी गो' में नजर आयेंगी अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया



**मुंबई:** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'गो नोनी गो' में काम करती नजर आयेंगी। डिंपल कपाड़िया की फिल्म गो नोनी गो उनकी बेटी ट्विंकल खन्ना की शॉर्ट स्टोरी 'सलाम नोनी अप्पा' पर आधारित है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म गो नोनी गो का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, गो नोनी गो अपनी पहली स्क्रीनिंग के लिए पूरी तरह तैयार है! सलाम नोनी अप्पा एक कहानी के रूप में शुरू हुई जिसे मैंने पहली बार अठारह साल की उम्र में लिखना शुरू किया था और अपने 40 साल की उम्र में पूरा किया।

फिल्म गो नोनी गो का प्रीमियर बुधवार को मुंबई फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया, आयशा रजा, मानव कौल और अथिया शेट्टी भी हैं।

### किसान, जवान और खिलाड़ियों के लिए जब तक जिंदा हूँ लड़ती रहूंगी : विनेश

**चंडीगढ़:** पहलवान और हरियाणा में जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने मंगलवार को कहा कि वह जब तक जिंदा हैं, किसान, जवान और खिलाड़ियों के लिए लड़ती रहेंगी। विनेश ने यहाँ मीडिया से बातचीत में कहा कि किसानों के लिए जब वह राजनीति में नहीं थीं, तब भी आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि किसान, जवान और खिलाड़ी देश की नींव हैं और उनके लिए वह सदा लड़ेंगी। राजनीति में आने और विधायक बनने के बाद उन पर आयी जिम्मेदारी के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी तो तब भी उनके ऊपर रहती थी जब वह देश के लिए खेलती थीं। अब विधायक बनने के बाद निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की तो आस है ही, देश की नजर उन पर है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाना चाहती हूँ कि हमने जो लड़ाई लड़ी थी, वह हर उस बहन-बेटी की लड़ाई है जो लड़ना जानती है, जो लड़ना चाहती है उसकी लड़ाई लड़ने का काम हम करेंगे।

### गंदेरबल जिले को मिला 5 वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले को जल संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए पांचवां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि जल संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्टता को मान्यता देना इस क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार गंदेरबल के सतत जल संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रयासों की अभिव्यक्ति है, जो पूरे देश में पर्यावरण प्रथाओं के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करती है।

### राहुल गांधी को फेसबुक पर धमकी अजमेर में शिकायत की

**अजमेर:** राजस्थान में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) अजमेर की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फेसबुक पर धमकी के मामले में स्थानीय क्लाकटावर थाने में शिकायत की है। एनएसयूआई के अंकित घारू के नेतृत्व में मंगलवार को छात्रों ने धमकी देने वाले फेसबुक यूजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। उन्होंने बताया कि फेसबुक यूजर बुद्धादित्य मोहंती नामक व्यक्ति ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है।

### 31 नाबालिग लड़की मुक्त ,चार आर्केस्ट्रा संचालक गिरफ्तार

**छपरा:** बिहार में सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से 31 नाबालिग लड़की को मुक्त कराकर चार आर्केस्ट्रा संचालकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष से मिलकर अमनौर थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे विभिन्न आर्केस्ट्रा संचालक के यहां नाबालिग लड़की होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने अमनौर थाना पुलिस को निर्देश दिया कि दिल्ली पुलिस को सहयोग कर नाबालिग लड़की को मुक्त कराने की दिशा में कार्य सम्पन्न कराया जाये। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस और अमनौर थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे विभिन्न आर्केस्ट्रा संचालक के ठिकानों पर छापामारी कर 31 नाबालिग लड़की को मुक्त कराने के साथ ही चार आर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया है।

# 'रूस-यूक्रेन जंग बातचीत से रुकेगी'

## पीएम मोदी ने रूस में द्विपक्षीय बातचीत में कहा भारत हर संभव मदद करेगा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बीआरआईसी समिट में शामिल होने के लिए मंगलावर को रूस के कजान शहर पहुंचे। यहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान दोनों नेता एक-दूसरे से गले मिले। पुतिन ने कहा कि हमारे संबंध इतने अच्छे हैं कि आप मेरी बात बिना ट्रांसलेटर (अनुवादक) के समझ जाते हैं।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन जंग पर भारत के स्टैंड को कायम रखा। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से हो। रूस-यूक्रेन जंग केवल बातचीत से रुकेगी। भारत संघर्ष के समाधान में हर मदद देने को तैयार है। पीएम मोदी पिछले 4 महीनों में दूसरी बार रूस गए हैं। इससे पहले जब वे जुलाई में रूस गए थे तो उन्होंने पुतिन को सलाह दी थी कि बम-बंदूकों और गोलियों से शांति संभव नहीं है। इसके बाद वे यूक्रेन दौरे पर भी गए थे। इससे पहले जब मोदी एयरपोर्ट पहुंचे तो उनका स्वागत लड्डूऔर ब्रेड नमक के साथ किया गया। साथ ही वो यहां प्रवासी भारतीयों से भी मिले। इसके बाद कजान के होटल पहुंचने पर उन्होंने भारतीय पोशाक पहने रूसी कलाकारों का डांस भी देखा। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। वे आज शाम में बीआरआईसी लीडर्स के साथ डिनर में शामिल होंगे। डिनर के दौरान उनकी यहां कई लीडर्स के साथ अनौपचारिक बातचीत हो सकती है। ब्रिक्स के 16वें शिखर सम्मलेन में भाग लेने बुधवार को यहां पहुंचे मोदी ने मेजबान रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ यहां बहुत अच्छी मुलाकात हुई। भारत और रूस के बीच सम्बन्ध बहुत गहरे हैं, हमारी बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय भागीदारी को और सशक्त कैसे किया जाये।



मोदी ने कजान पहुंचने पर अपने स्वागत के लिये राष्ट्रपति पुतिन का आभार जताया। इससे पहले कि मोदी ने यहां पहुंचने पर कहा कि 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चर्चायें धरती को बेहतर बनाने में योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिये कजान पहुंचे। यह एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन है और यहां होने वाली चर्चायें बेहतर धरती के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# मेरी बहन से बेहतर प्रतिनिधि कोई नहीं हो सकताः राहुल

### प्रियंका गांधी वाड्रा के केरल में वायनाड संसदीय क्षेत्र से आज दाखिल करेंगी नामांकन

● नई दिल्ली,

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के केरल में वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से एक दिन पूर्व मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने पूर्व निर्वाचन क्षेत्र की सराहना करते इस सीट के लिए कांग्रेस महासचिव को सबसे अच्छा प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वह कल्पना नहीं कर सकते कि वायनाड के लिए उनकी बहन से अच्छा कोई और प्रतिनिधि हो सकता है।

नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड की जरूरतों की एक जुनूनी पैरवीकार और संसद में एक शक्तिशाली आवाज होंगी। गांधी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि वायनाड के लोगों के लिए मेरे दिल में एक विशेष स्थान है, और मैं अपनी बहन प्रियंका गांधी से बेहतर उनके लिए किसी और प्रतिनिधि की



कल्पना नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह वायनाड की जरूरतों की जोशीली पैरोकार और संसद में एक शक्तिशाली आवाज साबित होंगी। आप लोग आज हमारे साथ जुड़ें, जब वह वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। साथ मिलकर, आइए सुनिश्चित करें कि वायनाड का प्यार से प्रतिनिधित्व होता रहे।'' सुश्री वाड्रा के बुधवार को नामांकन दाखिल करने के मौके पर उनके साथ कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और गांधी भी मौजूद रहेंगे। गांधी की रायबरेली लोकसभा सीट को बरकरार रखने का फैसले के बाद वायनाड सीट रिक्त हो गयी थी।

### ट्रेन से कटकर तीन लोगों की मौत

**छपरा:** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा -सीवान रेलखंड तथा पूर्व मध्य रेलवे के छपरा-सोनपुर रेलखंड पर ट्रेन से कटकर तीन लोगों की मौत हो गयी है। रेल थाना पुलिस ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा -सीवान रेलखंड के कोपा स्टेशन के पश्चिमी आउटर सिग्नल के समीप किसी ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। पूर्व मध्य रेलवे के छपरा-सोनपुर रेलखंड के गोल्डेनगंज स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है और उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। सूत्रों ने बताया कि नयागांव स्टेशन के समीप डेरनी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी मिथलेश साह (45)की मौत ट्रेन से कटकर हो गई।

### कांग्रेस एक पार्टी नहीं, गुटों का समूह : विज

**अंबाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं है, बल्कि विभिन्न गुटों का समूह है। मीडिया से बातचीत में विज ने अब तक कांग्रेस विधायक दल का नेता न चुने जाने के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि यह उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन कांग्रेस कोई एक पार्टी नहीं है, यह विभिन्न गुटों का समूह है। उन्होंने कहा कि यह सब मिल बैठकर कोई एक फैसला नहीं कर सकते। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के चुनाव में गड़बड़ी की आशंकाओं को लेकर कांग्रेस के अदालत जाने के बयान पर विज ने कहा कि अदालतें सबके लिये खुली हुई हैं, चाहे जहां जायें। चुनाव हो गया है और चुनाव आयोग ने जवाब दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जब हारती है, ईवीएम खराब होती है।

### कार टैम्पो की टक्कर, दस लोग घायल

**भरतपुर:** राजस्थान में सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा थाना क्षेत्र में सवाई माधोपुर मार्ग पर मंगलवार को कार और टैम्पो की टक्कर से एक किसान की मौत हो गयी जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार टैम्पो में सवार होकर किसान सवाई माधोपुर जा रहे थे।चौथ माता के दर्शन करने चौथ का बरवाड़ा जा रहे चाकसू निवासी एक परिवार की कार टैम्पो से टकरा गयी। इससे किसान मीठालाल (32) की मौके पर ही मौत हो गयी। टैम्पो चालक आरिफ, रीना विश्वास, सुमित विश्वास एवं बच्चों के साथ घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सवाई माधोपुर जिला अस्पताल में और एक गंभीर घायल मुकुट मीणा को अपेक्स रणथम्भौर सेविका में भर्ती कराया गया है। सड़क हादसे के बाद बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया।



मंगलवार को सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

# पश्चिम बंगाल में तूफान 'दाना' की दस्तक

### पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी

● सागरद्वीप,

**भारतीय** तटरक्षक, पश्चिम बंगाल तटीय पुलिस और मौसम अधिकारियों ने मंगलवार को लोगों को चेतावनी दी कि वे समुद्र के पास न जाएं क्योंकि पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में चक्रवात दाना के भारी बारिश लाने की संभावना है, जिसमें कोलकाता भी शामिल है।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।तटरक्षक बल के जवानों



को सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से मछुआरों और आने वाले पर्यटकों को चेतावनी देते हुए देखा गया कि वे 23 और 24 अक्टूबर को समुद्र के पास न जाएं क्योंकि चक्रवाती तूफान के अगले 48 घंटे के दौरान पुरी (ओडिशा) और सागर द्वीप (दक्षिण 24 परगना-बंगाल) में आने के आसार हैं। पूर्वी क्षेत्र के मौसम कार्यालय के प्रमुख सोमनाथ दत्ता ने संवाददाताओं से कहा कि चक्रवाती तूफान दाना, जो अब सागरद्वीप से लगभग 770 किलोमीटर दक्षिण में है, 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र आज सुबह डप्रेशन में बदल गया क्योंकि यह गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने के अनुमान के साथ पूर्वी तट की ओर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया, एक अवसाद में केंद्रित हो गया और ओडिशा में पारादीप से 730 किलोमीटर दक्षिणपूर्व और सागर द्वीप से 770 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया।

# भाजपा हमेशा से किसान विरोधी रही हैः अभय

### कहा- भाजपा सरकार का पूरा ध्यान प्राइवेट कंपनियों को लाभ पहुंचाने में लगा हुआ है

● चंडीगढ़,

**इंडियन** नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने मंगलवार को हरियाणा की भाजपा सरकार पर किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध न करवाने का आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा वैसे तो किसान हितैषी होने का नाटक करती है, लेकिन वास्तव में हमेशा से किसान विरोधी रही है।

उन्होंने यहां जारी बयान में आरोप लगाया कि किसानों को कैसे प्रताड़ित करे, कैसे लाइन में खड़ा रखे और कैसे किसान अपने खेत में न जा सके, कैसे किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा सके उसके लिये भाजपा हर संभव प्रयास करती है। आज हालत



यह है कि खाद काला बाजार में खरीदना हो तो कोई कमी नहीं है, लेकिन किसानों को मिल नहीं रही। चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने खाद के बैग का वजन भी कम कर दिया, कीमत भी बढ़ा दी और किल्लत भी कर दी। उन्होंने कहा कि एक तो किसानों को खाद कम मिल रही है, ऊपर से किसानों को खाद के साथ नैनो यूरिया, सल्फर, जिंक और अन्य सामान भी जबरदस्ती बेचा जा रहा है। खाद की कमी का एक कारण सरकार की मिलीभगत से खेती के लिये सब्सिडी वाले यूरिया का बड़े स्तर पर प्लाईवुड उद्योग में इस्तेमाल होना है। दरअसल प्लाईवुड उद्योग में टैक्रिकल खाद का प्रयोग करना होता है, लेकिन उसकी कीमत प्रति बैग तीन हजार रुपये है और सब्सिडी वाला बैग उन्हें 300 रूपये में मिलता है। यूरिया के लगभग आठ लाख बैग हर साल प्लाईवुड उद्योग में इस्तेमाल होता है। इनेलो नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का पूरा ध्यान प्राइवेट कंपनियों को लाभ पहुंचाने और किसानों को बर्बाद करने पर है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री को इस मामले संज्ञान लेते हुये किसानों को जल्द से जल्द खाद उपलब्ध करवाना चाहिये। पराली जलाने वाले किसानों की सरकार द्वारा दो सीजन तक फसल खरीद न करने और किसानों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेशों को किसान विरोधी और तानाशाही आदेश करार देते हुये चौटाला ने कहा कि धान पराली को अगली फसल की बुआई से पहले गहरी जुताई द्वारा भूमि में मिलाना ही एकमात्र व्यावहारिक समाधान है।



मंगलवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी।

# घाटी में लक्षित हिंसा का खेल...

धरती के स्वर्ग जम्मू-कश्मीर में उन नापाक मंसूबों को लगातार मुंह की खानी पड़ी है, जिन्होंने पूरे राज्य को हिंसा और दहशतगर्दी की आग में यह कहकर दशकों तक झोंककर रखा था कि भारत से अलग उनका अस्तित्व है... इसके लिए कट्टरपंथी तत्वों ने स्थानीय लोगों को भड़काने, बरगलाने की पराकाष्ठा को पार करते हुए विदेशी षड्यंत्र के जरिये भ्रमकारी ऐसा माहौल निर्मित किया कि अपने ही देश में अपने ही संविधान और व्यवस्था के खिलाफ अपने ही लोग पत्थर लेकर खड़े हो गए... आए दिन आगजनी, हिंसा और बंद का सिलसिला मानो जम्मू-कश्मीर की नियति बन चुका था... इन सबसे मुक्ति पाने के लिए सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 एवं 35ए के प्रावधानों से मुक्ति जरूरी थी... इसके बाद संवैधानिक तरीके से लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिये चुनाव भी हुए... ये सब बातें उन दहशतगर्दों को पसंद नहीं आई जो अवाम को पत्थर और गोलियों से परे सोचने के लिए रोकते थे... तभी तो अब कश्मीर में जब लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार आ गई है तो माहौल बिगाड़ने के लिए जम्मू-कश्मीर में स्थानीय लोगों के बजाय दूसरे राज्यों के नागरिकों को निशाना बनाने का खेल शुरू हो चुका है... कश्मीर में पिछले कुछ समय से, बाहरी राज्यों से गए मजदूरों पर लक्षित आतंकी हमलों का जो दौर शुरू हुआ है और उसमें जैसी निरंतरता देखी जा रही है, वह अब सरकार और वहां तैनात सुरक्षा बलों के लिए एक जटिल चुनौती बन रही है... शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक प्रवासी मजदूर का शव मिला था... रोजी-रोटी की तलाश में बिहार से वहां गए मजदूर को दो गोलियां मारी गई थीं... अनुमान है कि दहशतगर्दों ने टारगेट अटैक की अपनी रणनीति के तहत उस मजदूर की हत्या कर दी... यह कोई पहली हिंसा नहीं है, हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों के शिविरों से लेकर प्रवासी मजदूरों तक के घरों पर हमला करने के पीछे हिंसक मानसिक हताशा दिखती है... आतंकवादी गिरोहों से संवेदना की उम्मीद बेमानी है.., क्योंकि जब कमजोर और रोज कमाने-खाने वालों को भी मारने से वे नहीं हिचकते.., फिर ऐसे आतंकियों की भीरूता पर दु:ख ही प्रकट किया जा सकता है... जम्मू-कश्मीर में लक्षित आतंकी हिंसा की यह नई प्रवृत्ति है, जिसमें आतंक का दायरा फैल रहा है... निश्चित रूप से यह चिंता की बात है और सुरक्षा बलों के साथ सरकार को आतंकवाद के इस नए चेहरे से निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है... इस समस्या के जटिल होते जाने की मुख्य वजह यह रही है कि इसके तार सीमा पार के ठिकानों से संचालित संगठनों से जुड़े हैं... वहीं से मिलने वाले संरक्षण और पोषण का नतीजा है कि कभी सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके, तो कभी किसी प्रवासी मजदूर का परिवार उजाड़कर आतंकवादी धड़े अपने अस्तित्व का प्रमाण देने की भीरूतापूर्ण कोशिश कर रहे हैं... हाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद चुनी हुई सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है और उसके बाद यह स्वाभाविक उम्मीद जागी है कि वह अपनी सीमा में आतंकवाद और खासतौर पर लक्षित आतंकी हिंसा पर काबू पाने के मामले में सख्त कदम उठाएगी... यही उसकी कसौटी भी है कि इस दिशा में वह क्या कर पाती है.., लेकिन अब्दुल्ला सरकार से आतंकियों के खिलाफ ज्यादा सख्ती की उम्मीद उचित नहीं है... जब तक कि केन्द्र लगातार दबाव नहीं बनाएगा...




## संतवाणी

धर्म कल्पना की चीज नहीं है, प्रत्यक्ष दर्शन की चीज है। जिसने एक भी महान आत्मा के दर्शन कर लिए वह अनेक पुस्तकें पंडितों से बढ़कर है। - **स्वामी विवेकानंद**, आध्यात्मिक गुरु

सामयिक



शाहीन सबा

# तीसरे विश्व युद्ध की पगध्वनि इजराइल व हमास

पश्चिम एशिया में अब युद्ध का विस्तार कहां पहुंचेगा, फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। इजराइल की ओर से हिजबुल्ला के सरगना नसरुल्ला को मार गिराए जाने के बाद आक्रोशित ईरान ने इजराइल पर बड़ा मिसाइल हमला कर दिया है। इस हमले के साथ ही पश्चिम एशिया के हालात नियंत्रण से बाहर जाते दिख रहे हैं। इजराइल ने ईरान को इस हमले के नतीजे भुगतने की चेतावनी देने के साथ ही ईरान पर हमले की तैयारी शुरू कर दी है और लेबनान में हिजबुल्ला को सबक सिखाने के लिए अपनी सेनाएं भेज दी हैं। यही नहीं इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के इजराइल में आने पर रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध यूएन चार्टर की खुली अवमानना हैं। दरअसल इजराइल का कहना है कि यूएन ने ईरानी हमले की निंदा नहीं की। लेकिन यदि यूएन ईरान की निंदा कर देता तो क्या इजराइल यूएन की शर्तों और अपीलों का पालन करता? साफ है, इजराइल हो या ईरान या फिर फिलिस्तीन इस समय अंतरराष्ट्रीय संस्था यूएन की महत्ता और प्रासंगिकता को स्वीकारने के लिए कोई तैयार नहीं है। जबकि इसके गठन के समय प्रमुख उद्देश्य दो देशों के बीच होने वाले युद्ध की समाप्ति की पहल करना था। इजरायल बेखौफ कह रहा है, कि युद्ध अंतिम जीत तक जारी रहेगा। दूसरी तरफ अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश इजरायल की खुली सामरिक मदद कर रहे हैं, तो वहीं ईरान की मदद में अरब देश सीरिया, यमन और ईराक भी भागीदारी कर सकते हैं? यह स्थिति वैश्विक शांति के लिए खतरा तो है ही, तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका रच सकती है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। हमास गाजा पट्टी के इर्द-गिर्द तैनात आतंकवादी संगठन है। इस बर्बर हमले में इजराइल के करीब 1200 नागरिक मारे गए थे और हमास ने 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। इस हमले के बाद इजरायल ने गाजा क्षेत्र से हमास की समाप्ति का व्रत लिया हुआ है। तब से लगातार भीषण युद्ध जारी है। करीब 41000 फिलिस्तीनी अब तक मारे जा चुके हैं। 23 लाख की आबादी वाले गाजा में इन हालातों के चलते इजराइल के विरुद्ध गुस्सा बढ़ना स्वाभाविक है। नतीजतन इजराइली सेना पर फिलीस्तीनी गुरिल्ला हमले बढ़े हैं। हमास की ताकत निरंतर सिमटती जा रही है। इस युद्ध के दो बड़े कारण हैं, एक तो इजराइल फिलीस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता नहीं देता। दूसरे, ईरान इस सनक पर सवार है कि मुस्लिम देशों के बीच एक अकेले यहूदी देश इजराइल का अस्तित्व कैसे बना हुआ है। ये दोनों प्रमुख शत्रु देश माने जाते हैं। इनके बीच सालों से छद्म युद्ध चल रहा है, परंतु यह पहली बार है, जब इनके बीच सीधी लड़ाई सामने आई है। कतर भी मुस्लिम देश होने के



कारण इजराइल का विरोधी है।

रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच चल रहे भीषण युद्ध से त्रस्त दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। क्योंकि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर भी बढ़ सकता है। युद्ध में अमेरिका, फ्रांस, जॉर्डन और ब्रिटेन जहां इजरायल का खुला समर्थन कर रहे हैं, वहीं ईरान के साथ सऊदी अरब, यमन, यूएई, ईराक, सीरिया, कतर और कुछ मध्य-एशिया के देश आगे आए हैं। लेकिन ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान को आशंका है कि मुस्लिम देश उनका पूरा साथ देंगे। इसलिए मसूद एशियाई देशों से मदद की अपेक्षा कर रहे हैं। इस उम्मीद से वह थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा से मिले हैं। उन्होंने इजराइल के खिलाफ एशियाई देशों के एकजुट होने की अपील की है। ईरान को यह आशंका भी है कि इजराइल ईरान के परमाणु संयंत्रों को ध्वस्त कर सकता है। ऐसे में समूचे मध्य एशिया में युद्ध के हालात निर्मित हो सकते है। ईरान को भारत से भी उम्मीद है कि वह उसकी मदद करे। लेकिन भारत के फिलहाल ईरान और इजराइल दोनों से ही संबंध मजबूत हैं। भारत इजराइल और फिलिस्तीन के विवाद का समाधान दोनों देशों के स्वतंत्र अस्तित्व के रूप में समर्थन करता रहा है। अतएव साफ है, भारत किसी एक देश के पक्ष में खड़ा दिखाई नहीं देगा। गुटनिरपेक्ष रहते हुए भारत का हस्तक्षेप बातचीत से समझौते का हल निकालने के प्रयासों तक सीमित रहेगा। वैसे भी ईरान की एशियाई देश प्रत्यक्ष मदद करेंगे ऐसा लगता नहीं है।

ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला करते हुए करीब 181 मिसाइलें दागकर आग में घी डालने का काम कर दिया है। इस हमले के बाद 4 अक्टूबर को ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खुमैनी ने करीब 4 वर्ष बाद सार्वजनिक मंच से इस्लामिक देशों को संदेश देते हुए कहा है कि ईरान के दुश्मन वहीं है, जो फिलीस्तीन और लेबनान समेत अन्य मुस्लिम देशों के शत्रु हैं। साफ है, यह संदेश इजराइल और उसके मित्र देशों की ओर इशारा करता है। ईरान के साथ संकट यह है कि यह एक ऐसा देश है, जहां की राजनीतिक संरचना को समझना बेहद जटिल हैं। एक ओर सर्वोच्च धार्मिक नेता का जंजाल है तो दूसरी ओर ईरानी मतदाताओं द्वारा चुनी हुई संसद और राष्ट्रपति हैं। ये दोनों ही तंत्र मिलकर काम करते हैं। ईरान में सर्वोच्च नेता का पद सबसे शक्तिशाली माना जाता है। 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद से यहां दो ही नेता इस पद तक पहुंचे हैं। इनमें ईरानी गणतंत्र के पहले संस्थापक अयातुल्लाह रुहोल्ला खुमैनी थे, दूसरे अयातुल्लाह अली खुमैनी हैं। इस्लामिक जगत के नेतृत्व की दृष्टि ईरान ने विश्व के मुस्लिमों को प्रवाहित करने के नाते फिलीस्तीन के मुद्दे को हवा दी और हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठन को मदद देकर इजराइल के विरुद्ध खड़ा किया। गोया, यह संघर्ष लंबे समय से बना हुआ है।

इजराइल की जमीनी संरचना ऐसी है कि वह चारों मुस्लिम देशों से घिरा हुआ है, उसके पूर्व में जॉर्डन, उत्तर में लेबनान, उत्तर पूर्व में सीरिया और दक्षिण पश्चिम में मिस्त्र की सीमाएं जुड़ी हैं। फिलीस्तीन के दो सीमाई क्षेत्रों में दक्षिण पश्चिम में गाजा पट्टी और पूर्व में पश्चिमी तट स्थित है। गाजा पट्टी पर 2007 से हमास का नियंत्रण है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को द्रोणों के माध्यम से इजरायल पर हमला बोलकर युद्ध की शुरुआत की थी। यह हमला उन निर्दोष लोगों पर किया गया था, जो अपने देश इजराइल में उत्सव मना रहे थे। बहरहाल एक तरह से इजरायल सुरसा मुखों से घिरा हुआ है। यदि इजराइल ईरान पर बड़ा जबावी हमला करता है तो कई देशों की युद्ध में प्रत्यक्ष भागीदारी दिख सकती है। यह स्थिति न बने इसलिए जरूरी है कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाएं दबाव बनाकर इस मुद्दे के निराकरण की पहल करें। लेकिन मुश्किल यह है कि इनमें से ज्यादातर संस्थाओं पर अमेरिका का दबदबा है और अमेरिका खुलकर इजराइल के साथ है। उसने इजराइल को लगभग 2000 करोड़ रुपए की सैन्य सहायता देने की घोषणा की हुई है।

भारत ने कभी युद्ध की तरफदारी नहीं की। वह गांधी जी के अहिंसा के सिद्धांत को आगे रखकर शांति का पक्षधर रहा है। संवाद और कूटनीति से विवाद का हल ढूंढना उसकी परंपरा का हिस्सा है। भारत चिंतित इसलिए है, क्योंकि अब जो ईरान के प्रत्यक्ष युद्ध में शामिल होने के बाद स्थिति बनी है, उसे यदि नहीं संभाला गया तो धार्मिक अहंकार के चलते टकराव के इस हालात में कई अन्य देश शामिल हो सकते हैं। अतएव दो देशों के बीच चल रही जंग में ईरान के शामिल होने के बाद यदि कोई अन्य देश भी शामिल हो जाता है तो तीसरे विश्व युद्ध के कठिन हालातों से दुनिया का रूबरू होना पड़ सकता है। युद्ध के परिणाम क्या होते है, यह वे सब देश जानते है, जो कभी न कभी युद्ध के हालात से गुजर चुके हैं। परमाणु युद्ध के परिणाम भी दुनिया के सामने हिरोशिमा और नागाशाकी के रूप में सामने हैं। साफ है, युद्ध केवल मानव जन्य त्रासदियों को बढ़ाने के साथ भुखमरी और विस्थापन की कठिन स्थितियों का ही निर्माण करेगा। जिसका सबसे ज्यादा संकट महिलाओं और बच्चों को भोगना होगा।

जयंती पर विशेष



डॉ. आनंद सिंह राणा

# भारतीयता के अद्भुत पक्षधर स्वामी रामतीर्थ

ब्रह्मर्षि स्वामी रामतीर्थ आदि शंकराचार्य के अद्वैतवाद के समर्थक थे, पर उसकी सिद्धि के लिए उन्होंने स्वानुभव को ही महत्वपूर्ण माना है। वे कहते हैं - हमें धर्म और दर्शनशास्त्र भौतिक विज्ञान की भांति पढ़ना चाहिए। पाश्चात्य दर्शन केवल जाग्रतावस्था पर आधारित हैं, उनके द्वारा सत्य का दर्शन नहीं होता। यथार्थ तत्व वह है जो जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति के आधार में सत् चित् और आनन्द रूप से विद्यमान है। वहीं वास्तविक आत्मा है। उनकी दृष्टि में सारा संसार केवल एक आत्मा का खेल है। जिस शक्ति से हम बोलते हैं, उसी शक्ति से उदर में अन्न पचता है। उनमें कोई अन्तर नहीं। जो शक्ति एक शरीर में है, वही सब शरीरों में है। जो जंगम में है, वही स्थावर में है। सबका आधार है हमारी आत्मा। वे विकासवाद के समर्थक थे। मनुष्य भिन्न-भिन्न श्रेणियों है। कोई अपने परिवार के, कोई जाति के, कोई समाज के और कोई धर्म के घेरे से घिरा हुआ है। उसे घेरे के भीतर की वस्तु अनुकूल और घेरे से बाहर की प्रतिकूल लगती है। यही संकीर्णता अनर्थों की जड़ है। प्रकृति में कोई वस्तु स्थिर नहीं। अपनी सहानुभति के घेरे भी फैलना चाहिए। सच्चा मनुष्य वह है, जो देशमय होने के साथ-साथ विश्वमय हो जाता है। वे आनन्द को ही जीवन का लक्ष्य मानते हैं पर जन्म से मरण पर्यन्त हम अपने आनन्द-केन्द्रों को बदलते रहते हैं। कभी किसी पदार्थ में सुख मानते हैं और कभी किसी व्यक्ति में। आनन्द का स्रोत हमारी आत्मा है। हम उसके लिए प्राणों का भी उत्सर्ग देते हैं। जब से भारतवासियों ने अपने आत्मस्वरूप को भुलाकर हृदय से अपने आपको दास मानना प्रारम्भ किया हम पतनोन्मुख हुए। प्रवृत्ति अटल और शाश्वत है। स्मृति गौण है, उसे देशकालानुसार बदलना चाहिए। श्रम-विभाजन के आधार पर वर्ण-व्यवस्था किसी समय समाज के लिए हितकर थी, पर आज हमने



उसके नियमों को अटल बना कर समाज के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। आज देश के सामने एक ही धर्म है-राष्ट्रधर्म। अब शारीरिक सेवा और श्रम केवल शूद्रों का कर्तव्य नहीं माना जा सकता। सभी को अपनी सारी शक्तियों को देशोत्थान के कार्यों में लगाना चाहिए। भारत के साथ तादात्म्य होने वाली भविष्यवाणी उन्होंने की थी-'चाहे एक शरीर द्वारा, चाहे अनेक शरीरों द्वारा काम करते हुए राम प्रतिज्ञा करता है कि बीसवीं शताब्दी के अर्द्धभाग के पूर्व ही भारत स्वतंत्र होकर उज्वल गौरव को प्राप्त करेगा। उन्होंने अपने एक पत्र में लाला हरदयाल को लिखा था -'हिन्दी में प्रचार कार्य प्रारम्भ करो। वही स्वतंत्र भारत की राष्ट्रभाषा होगी।' केवल तीन शब्दों में उनका सन्देश निहित है - त्याग और प्रेम। रामप्रसाद 'बिस्मिल' ने अपनी पुस्तक मन की लहर में युवा सन्यासी शीर्षक से एक बड़ी ही मार्मिक कविता लिखी थी जिसके कुछ अंश इस प्रकार हैं- 'वृद्ध पिता-माता की ममता, बिन ब्याही कन्या का भार, शिक्षाहीन सुतों की ममता, पतिव्रता पत्नी का प्यार, सन्मित्रों की प्रीति और, कॉलेज वालों का निर्मल प्रेम, त्याग सभी अनुराग किया, उसने विराग में योगक्षेम, प्राणनाथ बालक-सुत-दुहिता, यूं कहती प्यारी छोड़ी,हाय। वत्स वृद्धा के धन, यूं रोती महतारी छोड़ी। चिर-सहचरी रियाजी छोड़ी, रम्यतटी रावी छोड़ी, शिखा-सूत्र के साथ हाय। उन बोली पंजाबी छोड़ी.' युवा-सन्यासी (स्वामी रामतीर्थ के सन्यासोपलक्ष्य में रचित) स्वामी रामतीर्थ का जन्म 22 अक्टूबर सन् 1873 को तत्कालीन पंजाब प्रांत के गुजरांवाला जिले के मुरलीवाला ग्राम में हुआ था। अपने जीवन काल में उन्होंने महान् वेदांती के रूप में न केवल भारत वरन् जापान, अमेरिका, यूरोप के विभिन्न देशों सहित मिश्र में हिन्दुत्व के धर्म दर्शन की पताका फहराई। तदुपरांत भारत आने के बाद उन्होंने कुछ समय तक देश के विभिन्न भागों का भ्रमण किया और जनमानस को व्यावहारिक वेदांत की शिक्षा दी। कालांतर में उत्तराखंड चले गए और वहीं उन्होंने अपना स्थायी निवास बना लिया। सन् 1906 की दीपावली थी। उन दिनों उन्होंने एक लेख लिखा, जिसमें मौत का आव्हान किया गया था। उससे कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने अपने शिष्य नारायण स्वामी से कहा था कि 'राम की तबीयत अब संसार से ऊब गई है, अतः वह शीघ्र ही इस संसार को त्यागने वाला है' और दीपावली को ही 33 वर्ष की आयु में उन्होंने गंगा में जल समाधि ले ली। स्वामी रामतीर्थ जिस समय संसार से विदा होने लगे उस समय मृत्यु को संबोधित करते हुए उन्होंने जो भाव व्यक्त किए वे एक अद्वैतवादी भारतीय के अनुरूप ही थे, उन्होंने आनंद विभोर होते हुए कहा था' मां की गोद के समान शांतिदायिनी मृत्यु! आओ और इस भौतिक शरीर को ले जाओ। मेरे पास और बहुत से नए शरीर हैं। मैं तारों की चमक और चंद्रमा की किरणों का शरीर धारण कर सकता हूं। मैं आत्मा हूं संसार के सारे शरीर मेरे हैं। सारी सृष्टि ही मेरी देह है और मैं उसका शाश्वत, अविनाशी और चेतना देही हूं। मैं शुद्ध, बुद्ध और निरुपाधि ब्रह्म हूं... ब्रह्म। व्यापक और विकार रहित ब्रह्म।' स्वामी रामतीर्थ ब्रह्मर्षि ही थे, इसलिए तो यह संयोग भी बना कि दीपावली के दिन ही उनका जन्म, संन्यास और महाप्रयाण हुआ।

**(लेखक श्री जानकीरमण महाविद्यालय जबलपुर में इतिहास के विभागाध्यक्ष हैं)**

हिन्दुत्व



रीना एन. सिंह

# भारतीय राजनीति के उज्ज्वल भविष्य आदित्यनाथ

जो सफर की शुरुआत करते हैं, वे मंजिल भी पा लेते हैं, बस एक बार चलने का हौसला रखना जरूरी है, शायद यही सोचकर वर्ष 1992 में 22 वर्ष के अजय सिंह बिष्ट ने सांसारिक जीवन को त्याग कर सन्यास आश्रम में प्रवेश किया और वह अजय सिंह बिष्ट से योगी आदित्यनाथ हो गए, सन्यास जीवन ग्रहण करने के बाद योगी ने घर और परिवार त्याग कर देश सेवा और समाज सेवा करने का संकल्प लिया। मार्च 2017 में जब उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके नाम की घोषणा की गई तो हर कोई हैरान था। योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राजनीति में एक नई पहचान बनाई है, जिसमें हिंदुत्व, विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर उनका आक्रामक और स्पष्ट दृष्टिकोण शामिल है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जो छवि बनाई है, वह उन्हें भविष्य में और भी बड़े राजनीतिक मंच पर स्थान दिला सकती है। कई विश्लेषक मानते हैं कि योगी आदित्यनाथ का राजनीतिक भविष्य राष्ट्रीय स्तर पर और भी उज्वल है, और उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को और मजबूत होने की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। योगी आदित्यनाथ की राजनीति केवल उत्तरप्रदेश तक सीमित नहीं रहने वाली है। जिस तरह से उन्होंने हिंदुत्व की धारा को भाजपा के एजेंडे के साथ समन्वित किया है, वह उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख नेता के रूप में स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद, अगर कोई नेता भाजपा में सबसे ज्यादा चर्चा में है, तो वह योगी आदित्यनाथ हैं। उनके व्यक्तित्व



और राजनीतिक कद को देखते हुए यह संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में वे प्रधानमंत्री पद के एक संभावित उम्मीदवार बन सकते हैं। उत्तरप्रदेश की जनता के बीच योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता और उनके शासन के दौरान किए गए कार्य उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर खींच रहे हैं। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि, अगर भाजपा योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाती है, तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। उनकी लोकप्रियता का कारण न केवल उनके विकास कार्य हैं, बल्कि उनका साफ और पारदर्शी प्रशासन भी है। उत्तरप्रदेश जैसे बड़े राज्य में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और विकास को नई दिशा देने के कारण योगी आदित्यनाथ की छवि एक सक्षम नेता के रूप में उभर कर आई है। अगर भाजपा में सत्ता के अंदर नेतृत्व परिवर्तन की बात हो या 2029 तक का राजनीतिक परिदृश्य देखें, तो योगी आदित्यनाथ का नाम प्रमुखता से उभर सकता है। उनके समर्थन में हिंदुत्व की विचारधारा, विकास का मॉडल, और राष्ट्रीय सुरक्षा का दृष्टिकोण है। इन मुद्दों पर उनका स्पष्ट और दृढ़ रूख भाजपा के मूल मतदाताओं के साथ उन्हें जोड़े रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री पद का दावेदार माना जा सकता है। योगी की साधु वाली छवि और उनकी कर्मठता उन्हें ओरों से अलग बनाती है। अगर वे दिल्ली पहुंचते हैं, तो उनका फोकस देश की आंतरिक सुरक्षा, सीमा पर चुनौतियों का सामना और धार्मिक ध्रुवीकरण के साथ-साथ विकास पर रहेगा। उनकी राजनीतिक सोच और कार्यशैली यह दिखाती है कि वे केवल हिंदुत्व के मुद्दों पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि समग्र विकास और भारत की वैश्विक छवि को भी प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, योगी आदित्यनाथ के लिए भविष्य में कई चुनौतियां भी होंगी। एक राष्ट्रीय नेता के रूप में, उन्हें केवल उत्तरप्रदेश नहीं, बल्कि पूरे देश के हर हिस्से में लोकप्रियता हासिल करनी होगी। इसके साथ ही, वे विभिन्न समाजों और जातियों को साथ लेकर चलने की चुनौती का सामना करेंगे। एक साधु और राष्ट्रवादी नेता के रूप में उनकी छवि मजबूत है, लेकिन एक प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें हर वर्ग और राज्य के विकास की जिम्मेदारी उठानी होगी। योगी आदित्यनाथ का भविष्य भारतीय राजनीति में न केवल उज्वल दिख रहा है, बल्कि उनके लिए प्रधानमंत्री आवास (7, लोक कल्याण मार्ग, दिल्ली) तक पहुंचने की संभावना भी काफी प्रबल है। वे भाजपा के भविष्य के एक मुख्य स्तंभ बन सकते हैं, और अगर वे देश की बागडोर संभालते हैं, तो उनका शासन न केवल विकास, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन सकता है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत एक नए युग में प्रवेश कर सकता है, जहां धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक संतुलन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक एकता का मार्ग प्रशस्त होगा। **(लेखिका, सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता हैं।)**

जयंती आज



रमेश शर्मा

# मां भारती का वीर सपूत अशफाक उल्ला खान

स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों की एक टोली ऐसी थी जिसकी प्राथमिकता राष्ट्र और संस्कृति सर्वोपरि थी। ऐसे ही क्रांतिकारी थे अशफाक उल्ला। क्रांतिकारी अशफाक उल्ला का जन्म ऐसे दौर में हुआ जब कुछ कट्टरपंथी मुसलमानों को आक्रामक बनाकर एक अलग देश का अभियान चला रहे थे। ऐसे वातावरण में युवाओं एक समूह ऐसा था जो मानता था पूजा, उपासना और आराधना पद्धति अलग है और राष्ट्र अलग। भारत राष्ट्र की स्वाधीनता पहला लक्ष्य होने चाहिए। ऐसे क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खान का जन्म 22 अक्टूबर 1900 को उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। उनके पिता शफीक उल्ला खान पुलिस में नौकरी करते थे। माता मजरुंनिशा एक घरेलू महिला थीं। वे छह भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनसे बड़े दो भाई और तीन बहनें थीं। अशफाक पढ़ने में बहुत कुशाग्र बुद्धि थे। उन्हें शायरी का भी शौक था। पिता की नौकरी अंग्रेजों की पुलिस में अवश्य थी लेकिन परिवार पूरी तरह अंग्रेजों के विरुद्ध था। पिता के अनेक कांग्रेस नेताओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संपर्क था। तीनों भाई एक प्रकार से कांग्रेस के सहयोगी कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। इसी के चलते कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन अशफाक उल्ला का परिचय उन युवाओं से हुआ जिन्होंने आगे चलकर क्रांतिकारी दल बनाया। समय के साथ वे क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल,



शचीन्द्र नाथ, केशव चक्रवर्ती आदि के साथ जुड़ गए। इन सभी युवाओं को देश की स्वतंत्रता के लिए क्रान्ति का मार्ग पसंद आया। क्रांति के लिए हथियारों की आवश्यकता है और हथियारों के लिए अंग्रेजों का खजाना ही लूटा जाना चाहिए। यह सुझाव सबसे पहले क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खान ने ही दिया था। उनका कहना था कि यह धन हिन्दुस्तान का है और हिन्दुस्तानियों का है। इसलिए उनकी स्वतंत्रता में ही लगना चाहिए। इसलिए क्रांतिकारियों ने काकोरी में रेल से जा रहे खजाने को लूटने की योजना बनाई। इस टीम में अशफाक उल्ला भी सम्मिलित हुए। योजना के अनुसार 8 अगस्त 1925 को शाहजहांपुर में क्रांतिकारियों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें उन लोगों ने ट्रेन से ले जाए जा रहे हथियार को खरीदने के बजाय उस सरकारी खजाने को लूटने का फैसला किया था। इस प्रकार 9 अगस्त 1925 को रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला, राजेन्द्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, शचीन्द्र बख्शी, चंद्रशेखर आजाद, केशव चक्रवर्ती, बनवारीलाल, मुकुन्दी लाल, मनमथनाथ गुप्ता समेत कई उग्रवादियों के समूह ने काकोरी गांव में सरकारी धन ले जाने वाली ट्रेन में लूटपाट की थी। इस घटना को इतिहास में प्रसिद्ध काकोरी ट्रेन डकैती के रूप में जाना जाता है। 19 दिसंबर 1927 को एक ही दिन एक ही समय लेकिन अलग-अलग जेलों में इन क्रान्तिकारियों का बलिदान हुआ। अशफाक को फैजाबाद और रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। मरते दम तक दोनों ने अपनी दोस्ती की एक बेहतरीन मिसाल कायम की और एक साथ इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## जनमानस

### डेंगू का बढ़ता प्रकोप

वर्तमान दौर में मौसमी बीमारियों का तो प्रहार जारी है, पर डेंगू भी अपने पांव पसार रहा है। डेंगू के कहर से निपटने के लिए जिलों में अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनेंगे। सूत्रों द्वारा ज्ञात के आधार पर प्रदेश में डेंगू के मामले इस साल तेजी से बढ़ रहें है। ग्वालियर और इन्दौर 2024 में सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में है। क्या हम डेंगू की चुनौती को स्वीकार कर खत्म करने का कारगर रणनीति तैयार करेंगे? - **योगेश जोशी,** 16 कंवर कॉलोनी बड़वाह।

### आयुष्मान का फर्जीवाड़ा रुके

आयुष्मान योजना ने हर इंसान को बेहतर इलाज के लिए रास्ते खोल दिए है। अब बीमारी का डर कम कर दिया है और अब तो 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी भारत आयुष्मान योजना में शामिल रहेंगे। मगर इसमें भी फर्जीवाड़ा करने वालों ने रास्ता निकाल लिया, हमने पहले देखा कि सात आधार नंबरों पर कई लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ था, इस तरह की खबरें निश्चित ही आयुष्मान योजना भी बदनामी के घेरे में आ चुकी है। इस फर्जीवाड़े पर तुरंत सख्त रवैया अपनाना चाहिए। - **साजिद अली,** इंदौर

# विश्व कप फाइनल में तीरंदाज दीपिका ने जीता रजत पदक



## पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज शामिल थे

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक की निराशा को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से हार गईं। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी।

सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गईं। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थीं। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थीं। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकीं। पहला सेट उसने एक अंक से (26-27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन ली ने 30-28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27-25 से जीत दर्ज की।

### खेल मंत्री ने दीपिका को दी बधाई

विश्व कप में रजत पदक जीतने पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दीपिका कुमारी को बधाई दी। मांडविया ने एक्स पर लिखा, दीपिका कुमारी को मैक्सिको में हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक और ओवरऑल छठा पदक जीतने पर बधाई।

### धीरज ने किया निराश

पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4-2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 ( 28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक आया।

---

टेस्ट मैच : कगिसो रबाड़ा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने की घातक गेंदबाजी

# द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को पहली पारी में 106 पर समेटा, 34 रन की बनाई बढ़त

एजेंसी ■ मीरपुर



कगिसो रबाड़ा, वियान मुल्डर और केशव महाराज की घातक गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के जूझारू प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में छह विकेट पर 140 रन बनाकर 34 रनों की बढ़त बना ली है।

बंगलादेश को 106 के स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (6) का विकेट गवां दिया। उन्हें हसन महमूद ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद तैजुल इस्लाम ने दक्षिण अफ्रीका के किसी भी बल्लेबाज को पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। ट्रिस्टन स्टब्स (23), डेविड बेडिंघम (11), टोनी डीजॉर्जी (30), मैथ्यू ब्रीत्जके (शून्य) और रायन रिकलटन (27) रन बनाकर आउट हुये। इन पांचों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने पर दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 140 रन बना लिये है और काइल वेरेन (नाबाद 18) और वियान मुल्डर (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश ने लिए तैजुल इस्लाम ने पांच विकेट लिये। हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

कगिसो रबाडा ने तोड़ा वकार यूनिस का रिकार्ड (फोटो--)

कगिसो रबाडा ने जब आज अपना 300वां टेस्ट विकेट लिया, तब तक उन्होंने 11,817 बॉल फेंकी थी। इतनी कम बॉल में किसी ने भी ऐसा नहीं किया है। अब तक ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के वकार यूनिस के नाम था। उन्होंने 12,602 बॉल पर ये कारनामा किया था, लेकिन अब वे पीछे छूट गए हैं।

### बांग्लादेश ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी

इससे पहले आज यहां बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत खबरा रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (शून्य) का विकेट गवां दिया। उन्हें मुल्डर ने मारक्रम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तो बंगलादेश की टीम ताश के पत्तों की ढह गई। चौथे ओवर में मोमिनुल हक (चार) भी मुल्डर का शिकार बने। कप्तान नजमुल शान्तो (सात) को मुल्डर ने आउट कर बंगलादेश को बैकफुट पर ला दिया। 14वें ओवर में कगिसो रबाड़ा ने मुशफिकुर रहीम (11) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद लिटन कुमार दास (एक) भी रबाड़ा का शिकार बने। मेहदी हसन मिराज (13) को केशव महाराज ने पगबाधा आउट किया। महमुद्धुल हसन जॉय बंगलादेश के शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने (30) रनों की पारी खेली। उन्हें 30वें ओवर में डेन पीट ने बोल्ड आउट किया। पर्दापण टेस्ट मैच में जाकेर अली (2) को महाराज ने वेरेन के हाथों स्टंप आउट कराया। नईम हसन आठ को रबाड़ा ने आउट किया। तैजुल इस्लाम (16) को महाराज ने बोल्ड आउटकर बंगलादेश की पहली पारी को 40.1 ओवर में 106 के स्कोर पर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिये। डेन पीट को एक विकेट मिला।

---

मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024

# अभिषेक का तूफानी अर्धशतक, भारत ने यूएई को सात विकेट से हराया

एजेंसी ■ नई दिल्ली



मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के दूसरे मुकाबले में भारत का सामना यूएई के साथ हुआ। इस मैच में भारत के खिलाफ यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले खेलते हुए 16.5 ओवर में 107 रन बनाए। भारत को जीत के लिए 108 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 10.5 ओवर में 3 विकेट पर 111 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया।

भारत का पहला विकेट प्रभसिमरन सिंह के रूप में गिरा जो 6 गेंदों पर 8 रन बनाकर आउट हो गए। अभिषेक शर्मा ने 20 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। कप्तान तिलक वर्मा ने 18 गेंदों पर 21 रन बनाए और आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों पर 4 छक्के और 5 चौकों की मदद से 58 रन की पारी खेली और आउट हुए। इसके बाद आयुष बदोनी ने 12 रन जबकि नेहल वढेरा ने 6 रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। यूएई टीम को पहला झटका भारतीय गेंदबाज अंशुल कंबोज ने दिया और उन्होंने ओपनर मयंक को 10 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। वहीं इस टीम का दूसरा विकेट आर्यांश शर्मा के रूप में गिरा जिन्हें वैभव अरोड़ा ने एक रन पर आउट कर दिया। रसिक सलाम ने निलांश को 5 रन पर, विष्णु को डक पर तो वहीं सैयद हैदर को 4 रन के स्कोर पर आउट कर दिया और एक ओवर में 3 विकेट झटके। भारत को छठी सफलता अभिषेक शर्मा ने बासिल हमीद को 22 रन पर आउट करके दिलाई। भारत को सांतवीं सफलता सचित के रूप में मिली जो डक पर रन आउट हो गए। राहुल चोपड़ा ने 45 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली और नेहल वढेरा की गेंद पर आउट हुए। भारत की तरफ से रसिक सलाम ने 3, रमनदीप सिंह ने 2 जबकि अंशुल कंबोज, वैभव अरोड़ा, अभिषेक शर्मा और नेहल वढेरा ने एक-एक विकेट लिए।

---

# बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरा- साक्षी

■ नई दिल्ली



पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध-प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। उक्त बात ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कही। साक्षी इस विरोध-प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं। उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब 'विटनेस' में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है। उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कु श्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने अपने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया।

---

# मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज चैम्पियन तिलक धारी महाविद्यालय उप विजेता

## अंतर-महाविद्यालयीय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन भिड़े पुरुष खिलाड़ी

■ जौनपुर



अंतर-महाविद्यालयीय पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर पुरुष बैडमिंटन के खिलाडी भिड़े। प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार सिंह ने टीम मैनेजरों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। क्रीड़ा प्रभारी कैप्टन एसपी सिंह के अनुसार पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की पुरुष बैडमिंटन प्रातियोगिता में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज चैम्पियन बना, जबकि तिलक धारी महाविद्यालय जौनपुर को उप विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से 4 महिला और 6 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो उड़ीसा और मणिपुर में होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीय पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की तरफ से खेलेंगे। इस प्रतियोगिता के विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक प्रोफेसर शेखर सिंह और मैच ऑफिसर के रूप में नरेन्द्र पाठक, राधेश्याम मौर्य एवं राहुल यादव मौजूद रहे। इस दौरान प्रबंधक कुंवर जय सिंह, प्रो.इन्दु प्रकाश सिंह, प्रो.जय कुमार मिश्र, चीफ प्रॉक्टर डॉ.बृजेश प्रताप सिंह, डॉ.रवीन्द्र कुमार सिंह, डॉ.योगेश शर्मा, डॉ.राहुल यादव, डॉ.सतीश कुमार, डॉ.संजय तिवारी, डॉ.आनन्द कुमार सिंह, डॉ.गिरीश मणि त्रिपाठी, कुमार राज पाण्डेय, राकेश सरोज, शाश्वत मिश्र, सूरज तिवारी, अजय कुमार उपस्थित रहे।

---

तीन मैचों की सीरीज में श्रीलंका ने बनाई 1-0 से बढ़त

# एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

एजेंसी ■ पल्लेकेले



श्रीलंका ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेंस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने आठवें ओवर में ब्रैंडन किंग (14) का विकेट गवां दिया। वेस्टइंडीज ने 25 ओवर में 100 रन स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये थे। केसी कार्टी (37), ऐलेक ऐथनेज (10) और शो होप (पांच) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शरफेन रदरफोर्ड और रॉस्टन चेज ने धीकी गति से रन बनाये और विकेट नहीं गिरने दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने (नाबाद 77) और रॉस्टन चेज ने (नाबाद 33) रन बनाये। बारिश के कारण ओवरों की संख्या घटा दी गई। वेस्टइंडीज ने 38.3 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बनाये। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी बेहद खराब रही और महज 45 रन के स्कोर पर उसके तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। अविष्का फर्नाडो (पांच), कुसल मेंडिस (13) और सदीरा समरविक्रमा (18) रन बनाकर आउट हुये।

---

# सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप आज से, उद्घाटन करेंगे खेल मंत्री

■ गोरखपुर

- वाटर स्पोर्ट्स का हब रामगढ़ताल में हो रही प्रतियोगिता, समापन में योगी का सानिध्य
- गत वर्ष मई में हो चुका है खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता

दशकों तक उपेक्षित रहा गोरखपुर का रामगढ़ताल योगी सरकार द्वारा किए गए कायाकल्प के बाद वाटर स्पोर्ट्स का हब बनने लगा है। पिछले साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की सफल मेजबानी करने के बाद यहां सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप होने जा रही है। 22 से 26 अक्टूबर तक होने वाली इस चैंपियनशिप में रेस कोर्स का उद्घाटन 22 अक्टूबर को होगा। खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 23 अक्टूबर को खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव की उपस्थिति में होगा। 26 अक्टूबर को चैंपियनशिप के समापन में मुख्यमंत्री योगी का सानिध्य प्राप्त होगा।

सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में 20 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। इसमें कुल 243 खिलाड़ी शामिल होंगे। इन खिलाड़ियों के साथ 43 कोच भी हैं। खिलाड़ियों, कोच, सपोर्टिंग स्टाफ, निर्णायकों और अतिथियों के लिए शहर के होटलों और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 106 कमरे रिजर्व किए गए हैं। प्रतियोगिता को लेकर रामगढ़ताल में लेन कोर्स तैयार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए ही योगी सरकार ने रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया है। पिछले वर्ष मई माह में हुई खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की रोइंग प्रतियोगिता के बाद जर्मनी से 20 रोइंग बोट्स मंगाकर यहां प्रशिक्षण का कार्य पहले से जारी है। अब सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी के बाद वाटर स्पोर्ट्स की संभावना और परवान चढ़ेगी।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स रोइंग प्रतियोगिता ने वाटर स्पोर्ट्स के लिए रामगढ़ताल की उपयोगिता को पहले ही सिद्ध कर दिया है। देशभर के अलग-अलग राज्यों के विश्वविद्यालयों से आए खिलाड़ी, उनके कोच और रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया के पदाधिकारी भी हैरत में थे कि वाटर स्पोर्ट्स के लिए समूचे उत्तर भारत के लिए महत्वपूर्ण यह वेन्यू लाइमलाइट में नहीं था। सबने माना कि यहां राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आसमान छू सकती हैं। यूपी रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा का कहना है कि गोरखपुर के रामगढ़ताल में रोइंग की दूसरी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता होने से जलक्रीड़ा खिलाड़ियों का सपना साकार हो रहा। अंतर विश्वविद्यालय के बाद सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के द्वार भी खुलेंगे। श्री शर्मा के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामगढ़ताल का ऐसा कायाकल्प कराया है कि कि आने वाले समय मे यह वाटर स्पोर्ट्स का बेस्ट डेस्टिनेशन बनेगा।

---

### मैं पूरी तरह से फिट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज खेलूंगा-शमी

**नईदिल्ली।** मोहम्मद शमी की वापसी का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है। वह मौजूदा वक्त में भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाजों में से एक हैं। इंजरी के चलते टीम से बाहर चल रहे शमी ने अपनी फिटनेस पर अपडेट देते हुए बताया कि, वह पूरी तरह से फिट हैं और ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार हैं, लेकिन उससे पहले वह रणजी ट्रॉफी के एक या दो मैचों में हिस्स ले सकते हैं। भारतीय तेज गेंदबाज ने बताया कि वह पूरी तीव्रता के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और अब उन्हें किसी भी तरह का कोई दर्द नहीं है. इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया पूरी तैयारी के साथ जाना चाहते हैं। रेवस्पोर्ट्स ग्लोबल की रिपोर्ट के मुताबिक शमी ने कहा, मुजे अब दर्द से राहत है। कल बेंगलुरु में पूरी तीव्रता वाले गेंदबाजी सेशन में वाकई में अच्छा महसूस हुआ।

---

# मल्लिका नड्डा ने स्पेशल ओलंपिक भारत की जर्सी का किया अनावरण

एजेंसी ■ नई दिल्ली



स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष मल्लिका नड्डा, चेयरमैन अमित भल्ला और महासचिव डीजी चौधरी ने सोमवार को 18 से 23 नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक के लिए भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण किया।

आज यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान मीडिया सदस्यों के साथ स्पेशल ओलंपिक खेलों के अनुभव को साझा करने के लिए बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वैश्विक स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में 22 वर्ष से अधिक उम्र के बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग (आईडीडी) वाले बुजुर्ग के लिये पदक जीतने का अवसर होगा। 12वें स्पेशल ओलंपिक कार्यक्रमों में पूर्वी एशिया, यूरोप, यूरेशिया और एशिया प्रांत से 100 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक्स भारत एक राष्ट्रीय खेल महासंघ है और यह अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### शिवानी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

सुश्री नड्डा ने कहा, आज हमें स्पेशल ओलंपिक भारत की जर्सी का अनावरण करने और शिवानी को हमारे एथलीट ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित करने का मौका मिला है। यह प्रतियोगिता केवल खेल तक सीमित नहीं है, यह मानवीय भावना, दृढ़ संकल्प और एकता की शक्ति का उत्सव है। पूरे एक सप्ताह तक, हम साहस, दृढ़ संकल्प और पदक विजेता की संघर्ष के बारे में जानेंगे क्योंकि एथलीट, उनके परिवार और समर्थक साथ मिलकर एकता और दोस्ती का बेहतरीन उदाहरण पेश करेंगे। इस अवसर पर सुश्री नड्डा ने शिवानी को स्पेशल ओलंपिक भारत खेल के लिए आधिकारिक एथलीट ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा की। इस दौरान शिवानी ने कहा कि स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बोचे और बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए मुझे ब्रांड एंबेसेडर बनाये जाने पर गर्व है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार